# सतीश चंद्र मिश्र अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**




तहसील सेंट्रल बार एसोसिएशन मितौली की निर्वाचन प्रक्रिया 9 फरवरी को 10 बजे से 4 बजे तक हुई जिसके तुरंत बाद मतगणना प्रारंभ हुई। अधिवक्ता संघ के कुल 75 मत थे जिसमें अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी आमने-सामने चुनाव मैदान में थे जिसमें दया कृष्ण मिश्र व सतीश चंद्र मिश्र के बीच काफी गहमा गहमी के बीच चुनाव संपन्न हुआ।

प्रथम चक्र में दया कृष्ण मिश्र को 12 और सतीश चंद्र मिश्र को 13 मत मिले व दूसरे चक्र में दया कृष्ण मिश्र को 11 और सतीश चंद्र मिश्र को 14 मत मिले। तीसरे चरण में दया कृष्ण को 14 सतीश चंद्र मिश्र को 11 मत मिले जिसमें दया कृष्ण मिश्र एडवोकेट को 37 व सतीश चंद्र मिश्र एडवोकेट को 38 मत मिले। सतीश चंद्र मिश्र ने अपने प्रतिद्वन्दी को एक मत से चुनाव हराकर विजयश्री हासिल की। उन्हे विजई घोषित किया गया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर एडवोकेट, तथा मुख्य चुनाव अधिकारी मोहम्मद अब्बास जैदी एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारी उमाकांत तिवारी एडवोकेट तथा पुनेश राज एडवोकेट की अध्यक्षता में मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष मितौली राजू राव, नीमगांव थाना अध्यक्ष श्रद्धा सिंह, मैगलगंल थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए मंत्री पद मुकेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद राम कृष्ण अवस्थी एडवोकेट, संयुक्त मंत्री पद पर कृष्ण कांत राठौर व गणेश प्रसाद एडवोकेट, गवर्निंग काउंसिल पद सौरभ अवस्थी एडवोकेट, ऑडीटर पद ब्रह्म प्रसाद एडवोकेट विजयी घोषित किए गए निर्वाचन अधिकारी व मुख्य निर्वाचन अधिकारी अब्बास जैदी एडवोकेट ने समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर तहसील के समस्त अधिवक्ता, क्षेत्र के सम्मानित नागरिक पत्रकार मौजूद रहे।

## पुलिस गस्त की खुली पोल, रोड किनारे के दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना।

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला तथा बेलवा मलूकापुर मे एक एक घर को बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार पड़रिया तुला मे नन्हे मिस्त्री के घर से जनरेटर का अल्टर तथा बेलवा मलूकापुर से जाबिर के बंद पड़े मकान से शादी के कपडे तथा बरतन चोर चुरा ले गए। बताते हैं जाबिर परिवार सहित दिल्ली में काम करते हैं उन्होंने अपने मामा के लड़के नईम को रखवाली के लिए घर पर छोड़ रखा है नईम रात को दूसरे घर में सोने चला गया चोरों ने आरी से कुंडा काटकर खाली पड़े मकान को आराम से खंगाला दोनों मामलों की पुलिस को तहरीर दी गई है पुलिस ने मौका मुआयना किया है तथा शीघ्र ही खुलासे की बात कही है पुलिस ने मकान के सामने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

# बार एसोसिएशन मोहम्मदी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



▸ अध्यक्ष पद पर प्रद्युम्न मिश्रा पिंकू, महामंत्री अवनीश मिश्रा सहित 17 अन्य पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

बार एसोसिएशन मोहम्मदी के संपन्न हुए चुनाव के बाद मुख्य अतिथि अपर जिला जज मोहन कुमार, विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य अजय शुक्ला, उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार प्रीति सिंह, एडवोकेट अवधेश चंद्र दीक्षित, एडवोकेट रामखिलावन मिश्रा, एडवोकेट विवेक कुमार शुक्ला, सिविल बार अध्यक्ष राकेश पांडे, पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की उपस्थिति में ज्येष्ठ समिति के सदस्य एवं निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र नाथ गुप्ता ने अध्यक्ष पद पर प्रद्युम्न मिश्रा , महामंत्री अवनीश मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम सिराज अली, उपाध्यक्ष द्वितीय मोहम्मद शहरोज जाफरी, उपाध्यक्ष तृतीय अनुज पांडे, संयुक्त मंत्री प्रथम आशुतोष सिंह, संयुक्त मंत्री द्वितीय नीरज कुमार, संयुक्त मंत्री तृतीय लोकेश सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल, शाषी परिषद वरिष्ठ पद पर रामनारायण मिश्र, बृजेश कुमार सिंह , हरिवंश कुमार शुक्ला शाषी परिषद कनिष्ठ पर मेराज खां नागेश्वर प्रसाद दीक्षित , सुधांशु शर्मा , प्रताप सिंह , सौरभ रस्तोगी , धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## खबरें एक नजर में

### युवक की लकड़ी के बोझ के नीचे दबकर हुई मौत

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय उद्यान दुधवा नेशनल पार्क की किला कोठी रेंज से लकड़ी लेकर आ रहा नौजवान की पैर फिसल कल गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। कस्बे के राम जीवन कश्यप उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी भेडौरा सिंगाही वार्ड नंबर 4 जंगल से साइकिल से लकड़ी लाकर अपनी रोजी-रोटी चल रहा था। शुक्रवार रोज की तरह खैरीगढ़ जंगल की किला कोठी रेंज में लेने गया था लकडिया ले कर वापस आ रहा था। खैरीगढ़ गांव में जैसे ही पहुंचा की अचानक उसका पैर साइकिल पर से फिसल गया और लकडियों का बोझ उसके ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौके पर थाना सिंगाही वरिष्ठ उपनिरीक्षक हीरालाल रावत भारी पुलिस पर लेकर मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। सिंगाही थाना अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया गया है। परिजन पीएम नहीं करना चाहते थे इसलिए तहरीर नहीं दी है।

### सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की 2 ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। एक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव काफी देर से पहुंचने के कारण खंड विकास अधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी की। सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोठी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया था। जिसमें सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में चौपाल आना था।10 बजे पहुंचे तो पंचायत भवन में ताला लटक रहा था। उन्होंने इसकी सूचना खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह को 12 बजे के बाद ग्राम पंचायत सचिव सुषमा अवस्थी पंचायत भवन पर पहुंची।तब ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई।देर से आने के कारण ग्राम प्रधान शिवनंदनी, पंचायत सदस्य रामस्वरूप, मनोज कुमार,मथुरा प्रसाद, रंजीत ,सुनील सिंह,तुलसा देवी ने भी काफी नाराजगी जताई। ग्राम चौपाल में आने वाले ग्रामीण वापस चले गए। 5 शिकायतें आई।ग्राम पंचायत कमलापुर में भी ग्राम चौपाल का आयोजन ए डी ओ ए जी राजेंद्र चौरसिया की अध्यक्षता में हुआ।जिसमें 6 शिकायतें आई। जिसमें दो पीएम आवास की मांग, दो किसान सम्मन निधि, दो पेंशन संबंधित थी, इस मौके पर ग्राम प्रधान अनीता देवी ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार महेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पारिवारिक कलह में युवक ने लगाई फांसी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने अपने घर के सामने खेत पर लगे पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम शेखन पुरवा के 24 वर्षीय युवक ने सन्दिग्ध परिस्थितियों में घर के सामने पेड में मफलर से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया।इसकी सूचना पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बदोसराय क्षेत्र के ग्राम शेखन पुरवा मजरे अलीनगर निवासी जितेन्द्र गौतम 24 वर्ष पुत्र हरीलाल ने गुरुवार को रात करीब 12बजे घर के सामने खेत पर लगे एक पेंड से मफलर का फंदा बनाकर लटक कर आत्म हत्या कर लिया। रात में जब परिवार के लोग उठे तो मृतक को अपनी जगह पर लेटा न पाकर तलाश शुरू किया तो घर के सामने खेत के एक पेड़ पर उसे लटका पाया। इसके चीख पुकार सुनकर गांव के लोग एकत्रित हुए और मृतक को पेंड से उतार कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की शादी करीब चार साल पहले हुयी थी । ग्रामीणों की मानें तो मृतक की अपनी पत्नी से अनबन चल रही थी। जिससे वह मायके में थी। मृतक बुधवार को पत्नी से ससुराल में मिलकर घर वापस आया और गुरुवार की रात मफलर से फांसी लगाकर कर आत्म हत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

### शांति समिति के लिए मस्जिदों की सुरक्षा बढ़ी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए बवाल के कारण शान्ति सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने जुमा की नमाज के दौरान क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक मस्जिदों पर पुलिस का पहरा लगाया । पुलिस के पहरे में शुक्रवार को क्षेत्र में जुमा की नमाज शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुई। क्षेत्र के कस्बा बदोसरांय, मरकामऊ, किन्तूर, मेलारायगंज, सहित विभिन्न मुस्लिम बहुल इलाके की 25 मस्जिदों के बाहर नमाज के दौरान पुलिस तैनात की गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बदोसरांय प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि शान्ति सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर नमाज के समय पुलिस तैनात की गई थी।

### ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत लोधपुरवा व खजुरिया में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया जिसमे पंहुचे अधिकारी कर्मचारियों ने चौपाल में ग्रामीणों की समस्यायों को सुना और शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया है।ग्राम पंचायत लोधपुरवा में ग्राम सचिव राजेश कुमार रावत के संयोजन में एंव जेई आरईएस चेतराम की अध्यक्षता में हुई चौपाल में जेई आरईएस चेतराम ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना एंव निस्तारण का आश्वासन दिया। चौपाल में परिवार रजिस्टर सम्बंधित दो मामले आये। ग्राम प्रधान चंचलेश रावत प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सूरज लाल यादव पंचायत सहायक उचित दर विक्रेता आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे। खजुरिया में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता एंव ग्राम सचिव के संयोजन में चौपाल हुई।

# पांच दिवसीय महायज्ञ, राम कथा व विशाल कन्या भोज के साथ समापन

▸ समापन दिवस राष्ट्र प्रहरी पवनेश जी महाराज के मुखारबिंदु से हिंदुत्व की कथा सुनकर झूम उठे श्रोता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बेहजम टेडवा महायज्ञ समिति व आयोजन हरिओम मिश्रा द्वारा आयोजित श्री सत्संचंडी महायज्ञ श्रीमद् भागवत राम कथा एवं विचार मंथन कार्यक्रम का समापन शुक्रवार की संध्या को हो गया। इस मौके पर पधारे वक्त विद्वान कमल मिश्र प्रदेश प्रचारक संत प्रकोष्ठ भारतीय हिंदू परिषद आयोजित कन्या भोज भंडारे में दूर-दूर के गांव के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। पांच दिवसीय आयोजन में दूर दराज के श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यज्ञ स्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही यज्ञ में आए सैकड़ो लोगों ने आहुति डालकर सुख समृद्ध दिवस शांत की कामना की। पंचम दिवस पहुंचे भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक कथा व्यास राष्ट्र प्रहरी पवनेश जी महाराज ने कहा कि किसी भी यज्ञ के होने से मानव में आई विकृतियों अपने आप दूर हो जाती है ज्ञान यज्ञ के माध्यम से समाज में एक जुट आती है।

कमेटी अध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य मुख्य यजमान ने आहुति डालकर शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत टेडवा में यज्ञ है और आगे की यज्ञ की तैयारी में हम लोग अभी से जुड़ जाएंगे। आगे भी बेहतर यज्ञ कार्यक्रम कराए जाते रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले सहयोगियो मे जितेंद्र बाजपेई राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन आर्मी भारतीय हिंदू परिषद ,रूपेश कुमार मिश्र प्रदेश मीडिया प्रभारी सनातन आर्मी भारतीय हिंदू परिषद, अभिचल मिश्र छात्र संघ जिला उपाध्यक्ष व शिवांशू अवस्थी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय हिंदू परिषद श्यामलिया प्रसाद अवस्थी, राम लखन शुक्ला, राजेश अवस्थी, सहित समर्थ ग्राम वासियों ने इस धाम यज्ञ में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



### गुड मॉर्निंग बोल पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का एहसास

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** भीरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुड मॉर्निंग फ्रेंड्स अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस के इस अभियान की लोगों ने जमकर सरहना कि। शुक्रवार सुबह जब लोग मॉर्निंग वाक पर थे तो पुलिस भी निकली। लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया साथ ही अराजक तत्वों से अलर्ट रहने की सलाह दी।शुक्रवार की सुबह पुलिस ने आमजन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया तो लोग हतप्रभ रह गए आमतौर पर पुलिस को देखते ही लोग घबरा जाते हैं। लेकिन भीरा थाना क्षेत्र के पुलिस सहायता केंद्र पडरिया तुला पिकेट कांस्टेबल चंद्र मोहन त्यागी ,अरविंद कलेर, सोहित कुमार सहित समस्त स्टाफ ने पडरिया तुला में भ्रमण के दौरान मॉर्निंग वॉक पर मौजूद वरिष्ठ पडरिया कस्बा के सम्मानित लोगों से संवाद स्थापित किया तथा उनको उनकी कुशल क्षेम जानी। पुलिस के प्रति विश्वास व सुरक्षा की भावना विकसित की मॉर्निंग वॉक पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा सभी ऐसे स्थान का भ्रमण किया गया जहां मॉर्निंग वॉक पर पुरुष व महिलाएं आती जाती है। पुलिस ने कहा यदि लोगों से अच्छे व्यवहार रहेंगे तो लोग बेहिचक अपनी परेशानी पुलिस को बता सकेंगे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा संगिनी सम्मानित




**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव में आशा एवं आशा संगिनी सम्मेलन मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं एवं आशा संगिनीयों को सीएचसी अधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा सम्मेलन का उद्देश्य समुदाय में आशाओं की भूमिका को सुदृढ़ करके सरकार की योजनाओं को जनहित तक पहुंचाना।क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक समुदाय को प्रेरित करने में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। चांदनी वर्मा ने गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव कराने एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में आशाओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम मे टीकाकरण, नसबन्दी, आयुष्मान कार्ड आदि मे बेहतर कार्य करने वाली आशा बहुओं एव आशा संगीनी को सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर एचईओ आशाराम, चांदनी वर्मा , डॉ प्रीती, डॉ मनोज वर्मा, पुनीत खरे, जगप्रसाद आदि भी उपस्थिति रहे।

# विकलांग के खाते से 95 हजार रुपए निकालने का आरोप

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ईसानगर क्षेत्र के कस्बा खमरिया में स्थित इण्डियन बैंक की शाखा में विकलांग ग्राहक के खाते से किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा रुपए निकाल लिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं रुपये निकालने से पहले उक्त खाते पर लगे ग्राहक के मोबाइल नम्बर को बदलकर एटीएम कार्ड भी जारी कर दिया गया जिसको लेकर ग्राहक ने बैंक कर्मचारियों की मिली-भगत से फ्राड किए जाने की आशंका व्यक्त कर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। वही शाखा प्रबंधक ने बैंक की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखवाकर एटीएम कार्ड ले जाने वाले की पहचान शुरू कर दी है।

क़स्बा खमरिया में स्थित इंडियन बैंक की शाखा कुछ वर्ष बाद एक बार पुनः चर्चाओं में आ गई है। जहां क्षेत्र के तमोलीपुर मजरा अल्लीपुर निवासी विकलांग खाताधारक कमल किशोर पुत्र नत्थू ने ठेलिया चलाकर मेहनत मजदूरी कर इण्डियन बैंक की शाखा में अपने खाता संख्या - 50164846851 में करीब 95 हजार रुपए जमा किए थे।

गुरुवार को कमल किशोर को कुछ रुपयों की आवश्यकता पड़ी तो वह नजदीकी बीसी पर जाकर रुपये निकालने का विड्राल भर दिया जहां उसे बीसी संचालक ने बताया कि उसके खाते पर अब केवल 1700 रुपये ही बचे है। जिसको सुनकर कमलकिशोर के पैरो तले जमीन खिसक गई।

वह आनन फानन में बैंक पहुचकर बैंक लेनदेन का विवरण निकलवाया तो पता चला कि उसके खाते में दूसरे का मोबाइल नम्बर लगा है तथा उसी नम्बर को बैंक ने एटीएम कार्ड भी जारी कर दिया है। जिसको लेकर जब कमलकिशोर ने शाखा प्रबंधक यश अग्रवाल को अवगत कराया तो वह भी अचरज में पड़ कमलकिशोर को बताया कि उसके खाते में ऑनलाइन गेम लूडो के जरिये अलग अलग रुपये निकाले गए है। रही एटीएम कार्ड जारी करने व उसके खाते पर दूसरे के मोबाइल नम्बर लगे होने की तो उन्होंने उसे बताया कि इस मामले में वह स्थानीय पुलिस के पास जाकर शिकायत करो तबतक वह एटीएम कार्ड ले जाने वाले का सीसीटीवी फुटेज ऑपरेटर को बुलाकर निकलवाने का प्रयास कर रहे है। शाखा प्रबंधक की ढुलमुल रैवये से आहत खाताधारक कमलकिशोर ने शुक्रवार को खमरिया पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत के लिए उच्च अधिकारियों के पास जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस बाबत शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक में विगत दिनों की सीसीटीवी फुटेज को निकालकर सुरक्षित रख लिया गया है। सोमवार को एटीएम कार्ड ले जाने वाले कि पहचान की जाएगी। साथ ही बताया कि इस मामले में अभी खताधारक ने उन्हें कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है,प्रार्थना पत्र मिलते ही उसकी यूपीआई में भी शिकायत दर्ज करवा दी जाएगी।

# एनसीसी कम्पनी की मनमानी रोकने के लिए बनी रणनीति

▸ भाकियू की बैठक सम्पन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक तहसील परिसर में तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ महादेव यादव ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि त्रिवेदीगंज ब्लॉक के अंतर्गत नेरा कबूलपुर गांव में एनसीसी कंपनी द्वारा किसानों की जमीन की आड़ में सरकारी जमीन पर बाउंड्री वाल उठा करके अवैध तरीके से गिट्टी मौरंग इत्यादि सामग्री लगाकर कब्जा कर रहे हैं जिसको तत्काल हटवाया जाए तथा ग्राम पैकौली में चकबंदी अधिकारियों द्वारा चकबंदी कराई जा रही लेकिन वहां पर नक्शा व बंदोबस्त नहीं है उसके बावजूद भी कुछ दलालों के मेलजोल से अधिकारी चकबंदी कर रहे हैं इसे तुरंत रोकवायाजाए।

हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत चकोरा में सिंगागढ़ अमौनी घाट पर पीपा के पुल की मांग को लेकर 26 दिन तक चले अनिश्चितकालीन धरना में छह प्लांट टोन भेज कर प्रशासन ने यह आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया की एक महीने के अंदर पीपा के पुल का निर्माण कर दिया जाएगा जबकि आज तक पीके के पुल का निर्माण नहीं कराया गया यदि समय रहते हुए इन समस्याओं का समाधान तहसील प्रशासन ने नहीं किया तो 20 फरवरी को इन समस्याओं के साथ-साथ किसानों कीजवलंत समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से फूल चंद्र रावत, ब्लॉक महामंत्री,त्रिवेदीगंज ब्लॉक अध्यक्ष सचिन पांडे तहसील उपाध्यक्ष शिव सिंह चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य माताफेर यादव ,त्रिवेदीगंज ब्लॉक उपाध्यक्ष रामकिंकर ,हैदरगढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष रामजन्म यादव, ब्लॉक सचिव ब्रजेश कुमार ,चंद्रभान यादव ,शहजराम, रामसेवक, शिव शंकर शर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### सीसीटीवी कैमरा चोरी

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असन्द्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत सिद्धौर में अंग्रेजी शराब के बगल विराज मोबाइल साफ की दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा लगभग 20 दिन पहले चोरी हो गया था।जिसकी शिकायत सिद्धौर पुलिस चौकी पर करने के बाद सीसीटीवी कैमरा पवन पुत्र गुल से बरामद कर पुलिस ने वापस कर दिया था।लेकिन बीती रात लगभग 10 बजे दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा दोबारा पवन पुत्र गुंडे द्वारा ईट से तोड़ दिया गया है। जिसकी शिकायत पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कहना है शिकायत मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



## निपुण भारत के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित




**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों में निपुण बच्चों के स्लैब्स का मूल्यांकन ऐप द्वारा करके बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय खजुरिहा में प्रधानाध्यापक आशुतोष वर्मा, रामानन्द, रुचि, शबनम, ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड दिया।

इस तरह लोधपुरवा जेई आरईएस चेतराम एंव ग्राम सचिव राजेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक से तीन तक 50 पंजीकृत निपुण बच्चों में 29 निपुण बच्चों का निपुण स्लैब्स ऐप मोबाइल द्वारा बच्चों की दक्षता का मूल्यांकन किया एंव बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, समाज सेवी सूरजलाल यादव सहायक अध्यापक गीता एंव मोहम्मद आरिफ आदि उपस्थित रहे।

# किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्पन्न, किशोर-किशोरियों ने बढ़कर लिया हिस्सा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आज चतुर्थ राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस सभी उप केंद्रों पर संबंधित एएनएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने हिस्सा लिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थलवारा के तहत आने वाले उपकेंद्र कमेला एएनएम पूनम भार्गव की देखरेख में राष्ट्रीय किशोर कल्याण दिवस (मेले)का आयोजन किया गया मेले में आशा संगिनी मालती शुक्ला उप केंद्र से संबंधित सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व किशोर किशोरियों के साथ साथ उनके माता-पिता अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उपस्थित किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। अधीक्षक सौरभ शुक्ला ने बताया कि काउंसलिंग से किशोर किशोरियों के जीवन में बड़े बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में किशोर क्लिनिक साथिया केंद्र में तैनात ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डी0पी0 यादव की मेहनत एवं सलाह से क्षेत्र के किशोर किशोरियों में काफी जागरुकता के साथ-साथ किशोर किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति विश्वास एवं स्वास्थ्य में काफी सुधार आ रहा है साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत चिकित्सक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्थापित केंद्रों पर तैनात एनम और हेल्थ वेलनेस सेंटर पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर से भी संपर्क कर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित हो रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में बोलते हुए डी0पी0 यादव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ने बताया कि विकासखंड हैदरगढ़ में सभी 30 उप केंद्रों पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पियर एजुकेटर प्रोग्राम संचालित है जिसके अंतर्गत 218 आशा क्षेत्र हैं जिनके तहत हर आशा क्षेत्र में दो किशोर दो किशोरियों को पियर एजुकेटर के रूप में चयन किया गया है जिसके सापेक्ष सभी उपकेंद्रों पर 872 पियर एजुकेटर हैं जिनको उपकेंद्र के अनुसार ब्लॉक स्तरीय आशा एवं पियर एजुकेटर को प्रशिक्षण देकर गांव के अन्य किशोर किशोरियों को भी प्रशिक्षित पियर एजुकेटर द्वारा जागरूक किया जाएगा तथा क्षेत्रीय एएनएम द्वारा पियर एजुकेटर की मासिक बैठक भी कराई जाती है।

## अमावस्या के अवसर पर दादी भक्तों ने किया प्रसाद वितरण



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक अमावस्या की भांति इस अमावस्या पर भी दादी जी के परम भक्त नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकुमार झुनझुनवाला द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# चेयरमैन का स्वागत सिलसिला जारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा भारतीय जनता पार्टी में शामिल किए गए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के स्वागत का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को नगर पंचायत के सभागार में अखिल उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद शुक्ला एवं युवा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी द्वारा आयोजित समारोह में व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी का फूल मालाओं और बुके से जोरदार स्वागत किया गया।

व्यापारियों द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत श्री तिवारी ने कहा की दिये गए मान सम्मान को कभी भुला नहीं सकेंगे और व्यापारी हितों के लिए हर संभव काम करेंगे।

उन्होंने कहा की जिस तरह प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी के प्रदेश कार्यलय पर बुलाकर भाजपा में शामिल करने के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जो जिम्मेदारी सौंपा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप लोगों के सहयोग से नगर क्षेत्र में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजई बनाने में पूरी सफलता मिलेगी।

युवा उद्योग व्यापार महामंत्री जानू मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सैनी उपाध्यक्ष नितिन सोनी मंडल मंत्री दीपक सोनी बबलू शिवम सोनी विकास सोनी संगठन मंत्री युसूफ खान जुबेर खान संतोष पाल संजय सोनी सभासद विपिन सोनी, सूरज दीक्षित शिवा वर्मा पूर्व सभासद स्कंद तिवारी भानु मिश्रा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ननकऊ साहू भाजपा मंडल महामंत्री संतोष श्रीवास्तव व्यापारी महादेव शुक्ल रामकृष्ण मिथिलेश गणेश अग्रवाल गोलू राइन भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराएं बैंक : निदेशक सूडा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** 09 फरवरी राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा मुख्यालय में आज सभी बैंकों के प्रतिनिधियों संग निदेशक सूडा डा. अनिल कुमार ने आवश्यक बैठक की। इस बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आर्यवर्त बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक व बड़ौदा यूपी बैंक के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण तथा लाभार्थियों के सम्मुख आने वाली बैंक से जुड़ी समस्याओं व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज समेत बैंक से सम्बद्ध अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन के रूप में 10000 रुपए, द्वितीय लोन के रूप में 20000 रुपए व तृतीय लोन के रूप में 50000 रुपए का ऋण बैंक द्वारा दिया जाता है।

# योगी सरकार हर हाल में सड़क हादसों को रोकने का कर रही है प्रयास

## नियमावली के माध्यम से लोगों को सड़क पर सेफ ड्राइविंग के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित, नियमों के उल्लंघन पर मिल रहा दंड

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सड़क हादसों और उससे होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर से न सिर्फ व्यापक पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बल्कि नियमावली के माध्यम से लोगों को सड़क पर सेफ ड्राइविंग के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।



इसके अतिरिक्त नियमावली के उल्लंघन पर सरकार सख्ती से प्रवर्तन कार्यवाही को भी अंजाम दे रही है। शुक्रवार को विधानसभा में परिवहन विभाग से संबंधित ऐसे ही सवालों पर योगी सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा संबंधी तथ्यों से सदन को परिचित कराया गया। इसमें बताया गया कि सरकार ने एक्सप्रेस-वे पर ओवर स्पीडिंग की रोकथाम के साथ-साथ लोगों को हेल्मेट, सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राज्य सड़क सुरक्षा नीति के साथ ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के माध्यम से भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि समस्त एक्सप्रेस-वे पर ओवर स्पीडिंग की रोकथाम के लिए इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के अंतर्गत एएनपीआर कैमरा द्वारा ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध ऑटोमेटिक ई-चालान की कार्यवाही की जा रही है।

### सेवायानों से होने वाली दुर्घटनाओं में दी जा रही सहायता राशि

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक सेवायानों से घटित होने वाली दुर्घटनाओं में मृतक व घायलों के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान नियमावली में सुसंगत प्रावधानों के अनुसार जिलाधिकारी के स्तर से मृतक व घायलों के संबंध में जांच आख्या प्राप्त होने पर सहायता धनराशि आंवटित की जाती है।

### 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को निःशुल्क यात्रा पर विचार

उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। वहीं, छात्रों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में विद्यार्थी पास योजना प्रभावी है, जिसमें विद्यार्थियों से 25 सिंगल ट्रिप का किराया चार्ज कर 60 यात्रा तक का (अधिकतम सीमा 60 किमी तक) विद्यार्थी मासिक पास योजना लागू है।

### 1696 बीएस-6 बसों का हो रहा संचालन

परिवहन निगम में बसों के बेड़े से संबंधित एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि परिवहन निगम में 28 जनवरी 2024 तक 8664 बसों का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में 1489 बसें तथा वर्ष 2023-24 में अर्थात इन 2 वर्ष में कुल 2040 बसें फ्लीट से सेट अपार्ट की जा चुकी है। नीलामी की शर्तें पूरी करने वाली बसों को फ्लीट से सेट अपार्ट करके निरंतर नीलामी की कार्यवाही की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2022-23 में 502 तथा वर्ष 2023-24 में 1094 समेत कुल 1596 नई बीएस-6 डीजल बसें एवं 100 सीएनजी बसों समेत कुल 1696 बसों को क्रय कर संचालन के लिए क्षेत्रों को उपलब्ध कराया जा चुका है।

# खबरें एक नजर में

## उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पुरस्कारों की लिस्ट जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के साल 2022 के पुरस्कारों का चयन हो गया हैं। शुक्रवार को संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार मिश्रा की तरफ से पुरस्कार पाने वाले 46 विद्वानों की लिस्ट जारी कर दी गई। इनमें विश्व भारती पुरस्कार के लिए जबलपुर के प्रोफेसर रहस बिहारी द्विवेदी को चुना गया हैं। इस पुरस्कार पाने के लिए उन्हें 5 लाख एक हजार की धनराशि दी जाएगी। इन पुरस्कारों का वितरण कब होगा इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है, हालांकि निदेशक की तरफसे बताया गया कि जल्द ही पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रो.रहसबिहारी द्विवेदी विश्व भारती पुरस्कार जबलपुर 501000, डॉ.देवीसहाय पाण्डेय दीप महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार अयोध्या 201000, प्रो.आन्जनेय शास्त्री महर्षि व्यास पुरस्कार वाराणसी 201000, प्रो. गोपबन्धु मिश्र महर्षि नारद पुरस्कार वाराणसी 101000, प्रो.हृदयरंजन शर्मा विशिष्ट पुरस्कार वाराणसी 101000, प्रो. रमाकान्त पाण्डेय विशिष्ट पुरस्कार बांदा 101000, प्रो.सदाशिव कुमार द्विवेदी विशिष्ट पुरस्कार वाराणसी 101000,प्रो. रामपूजन पाण्डेय विशिष्ट पुरस्कार वाराणसी 101000, प्रो.शंकर कुमार मिश्रा त्रिपाठी विशिष्ट पुरस्कार वाराणसी 101000।

## शहीद पथ पर खड़े ट्रक में घुसी एम्बुलेंस, चालक गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के शहीद पथ पर शुक्रवार तड़के हुसडिया फ्लाईओवर पर शव लेकर आ रही एम्बुलेंस खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। घटना के वक्त ट्रक चालक टायर फटने के चलते दूसरा टायर लगा रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी की एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और दमकल की टीम ने एम्बुलेंस केबिन को काटकर उसमें फंसे चालक को बाहर निकाला। पुलिस ने चालक को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं उसमें अन्य सवार लोगों को शव के साथ घर भिजवाया। गोमतीनगर पुलिस के मुताबिक दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों का इलाज कराने के साथ दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया। पूछताछ में सामने आया है कि एक परिवार एम्बुलेंस से शव लेकर आ रहे थे। हुसड़िया के पास खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। अस्पताल में भर्ती चालक की हालत अभी नाजुक है। दुर्घटना के चलते शहीद पथ पर करीब आधा घंटे तक वाहनों का आना जाना बंद हो गया।

## स्मारक समिति कर्मियों के प्रदर्शन जारी, लड़ाई का ऐलान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 18 दिसंबर से इको गार्डन में धरना दे रहे स्मारक समिति के कर्मियों का प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने सभी मांग पूरी करने तक प्रदर्शन जारी करने की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 5300 कर्मचारी पिछले 12 वर्षों से अपनी समस्याओं व अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अफसर कोई सुनवाई नही कर रहे हैं। कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य ने बताया कि कर्मियों की कोई सुनवाई नही हो रही हैं। सेवा दिवस का आयोजन से लेकर अयोध्या के कार्यक्रम में भी सभी प्रदर्शन कर रहे हैं कर्मियों ने काम किया है मौजूद इसके हमारी मांगों को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में अब आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है जब तक मांगे नहीं मानी जाती प्रदर्शन जारी रहेगा।

## हज यात्रियों को प्रथम किस्त जमा करने की तिथि 15 फरवरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हज कमेटी आफइण्डिया के जारी सकुर्लर के मुताबिक हज-2024 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त 81,800 रूपये जमा करने की तिथि 09 फरवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गयी है। 81,800 रूपये की पे-इन-स्लिप, ऑनलाइन रसीद, मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र राज्य हज समिति में जमा करने की अन्तिम तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गयी है। बैंक रेफरेंस नम्बर प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस द्वारा भेजा गया है। प्रत्येक कवर के लॉग-इन आईडी परआवेदन फार्म, डाउनलोड करने की सुविधा दी गयी है।

## बीजेपी की कार्यशाला आज लखनऊ में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में शुरू किए जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला कल शनिवार को लखनऊ में होगी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिनिधियों का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मार्गदर्शन करेंगे। विश्वेश्वरैया सभागार हजरतगंज लखनऊ में प्रातः 11:30 बजे से प्रारम्भ होगी। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

## कभी-कभी नेता सदन को मेरी चिंता हो जाती है : शिवपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्व मंत्री और सपा के महासचिव शिवपाल यादव ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान बोलते हुए नेता सदन, भाजपा समेत पीडीए और अखिलेश के चाचा होने पर खुलकर जवाब दिया। शिवपाल यादव ने कहा कभी-कभी नेता सदन को मेरी चिंता हो जाती है। ऐसा प्रतीत होता है सदन में कोई कार्यक्रम चल रहा हो जैसे चाचा पर चर्चा विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए शिवपाल ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि चाचा पीडीए के थे और हैं और रहेंगे, समाजवादी थे है और रहेंगे। अखिलेश के चाचा थे, है और रहेंगे। शिवपाल यादव ने कहा कि आपको मैनपुरी के उपचुनाव में पता लग ही गया, जब फुटबॉल का खिलाड़ी कोई अच्छा मिलता है, तो गोल ठीक से हो जाता है। मेरी चिंता से ज्यादा मेरे साथी को चिंता है।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान कहा

# सरकारी स्कूलों में बढ़े 40 लाख विद्यार्थी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नये बच्चों ने प्रवेश लिया है और शिक्षा में समानता लाने के व्यापक प्रयास हुए हैं, जो सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगा। राज्य विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय सदस्य आकाश अग्रवाल के सवाल पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्षों में राज्य के शिक्षा स्तर को सुधारने का प्रयास सर्वविदित है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नये बच्चों ने प्रवेश लिया है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद में 1,32,000 विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को सुधारने का प्रयास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को बैग, पुस्तकें, जूते, वर्दी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि यही नहीं चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी के



पाठ्यक्रम को उप्र बोर्ड में भी लागू करने का प्रयास हो रहा है।

आज जब बेसिक शिक्षा परिषद वही पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है तो आवश्यक नहीं कि हम निजी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल और जुलाई में श्स्कूल चलो अभियानश् चलाया जाता है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 40 लाख नये बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि सरकार के द्वारा किये गये प्रयासों का परिणाम सामने आ रहा है और शिक्षा के अधिकार का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में 1200 रुपए प्रदान किये जाते हैं।

## अब बरेली-प्रयागराज में भी मिलेगी सीटी स्कैन की सुविधा, ब्रजेश पाठक ने मशीनों का किया लोकार्पण



**लखनऊ।** आम जनमानस को राहत पहुँचाने का काम योगी सरकार लगातार कर रही है। इसी क्रम में आमजन को निशुल्क डायग्नोस्टिक्स सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को बरेली और प्रयागराज में सीटी स्कैन की सुविधा की शुरुआत की गई। एनेक्सी स्थित सभाकक्ष से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इन सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बरेली के 300 शैय्या चिकित्सालय एवं प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में इन मशीनों को स्थापित किया गया है। यह मशीनें आधुनिक 32 स्लाइस तकनीक पर आधारित हैं। इससे स्कैनिंग की गुणवत्ता और भी बेहतर होगी। पीपीपी मोड पर प्रदेश के 69 जनपदों को पूर्व में आच्छादित किया जा चुका है। अब प्रदेश के 71 जनपदों में यह सुविधा आमजन को समर्पित की गई है।

# महिला सिपाही के परिजनों ने घेरी चौकी पुलिस पर 20 लाख लेने का आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड में तैनात महिला सिपाही के सुसाइड मामले में परिजनों ने पुलिस जांच पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस आरोपी प्रेमी को बचाने का आरोप लगाकर शुक्रवार शाम कैंट चौकी का घेराव कर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि महिला सिपाही को उसके ब्वाय फ्रैंड ने साजिश के तहत उसको मार डाला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं की। परिजनों ने पुलिस कमिश्नर से लेकर मुख्यमंत्री तक इस मामले की शिकायत की है।

उन्नाव गांधीनगर निवासी साड़ी की दुकान चलाने वाले अंजनी तिवारी की बेटी आंशी तिवारी (27) की पिछले दिनों शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। उसके भाई भाई प्रशांत तिवारी का आरोप है कि बहन की मौत के पीछे उसके ब्वाय फ्रैंड अखिल त्रिपाठी का हाथ है। इसके बाद भी पुलिस आरोपी को बचा रही है। प्रशांत ने थाना पुलिस और विवेचक पर बीस लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। प्रशांत कुमार के मुताबिक यदि पुलिस

**▸ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद भी नहीं की गिरफ्तारी**

ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो वह परिवार के साथ आत्मदाह करेंगे। चौकी थाने के घेराव की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुरप्रीत कौर और एसीपी पंकज सिंह कई अधिकारी पहुंच गए। इस दौरान परिजनों ने जॉच अधिकारी शिशिर कुमार सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाया। चौकी पहुंचे पवन के साथ उनके पिता अंजनी कुमार तिवारी, मां सुषमा तिवारी, बहन रजनी तिवारी, मौसी सरिता मिश्रा, बहन के देवर आकाश मिश्रा समेत कई परिजन मौजूद थे। सिपाही आंशी के भाई प्रशांत और मां सुसमा का कहना है कि अखिल से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनों करीब आ गए। आंशी को इसीबीच अखिल के कई और लड़कियों से संबंध होने की बात पता चली। जिसको लेकर दोनों में विवाद होने लगा। वहीं अखिल अपने पुराने संबंधों को लेकर ब्लैकमेल करने लगा, जिससे वह मानसिक और आर्थिक तौर पर पेशान रहने लगी।

# अपोलो ने एआई तकनीक व 3डी प्रिंटिंग से जबड़े के ट्यूमर का किया सफल इलाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उल्लेखनीय चिकित्सा उपलब्धि हासिल करते हुए लखनऊ के अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और 3डी प्रिंटिंग का उपयोग करके अमेलोब्लास्टोमा मैंडिबल नामक जबड़े के ट्यूमर का सफल इलाज किया है। इस इलाज में डॉक्टरों ने न केवल जबड़े के ट्यूमर का सफल इलाज किया बल्कि जबड़े का पुनर्निर्माण भी कर दिया।

50 वर्षीय मरीज इस सफल सर्जरी के बाद सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है। मरीज जबड़े में दर्द और खाने में होने वाली असुविधा की शिकायत के साथ अपोलोमेडिक्स अस्पताल की ओपीडी पहुंचा था। गहन जांच और स्कैन के बाद, इलाज के लिए सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में सलाहकार डॉ. सतीश के आनंदन के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने जबड़े और जोड़ के पूरे बाएं हिस्से को हटाने की आवश्यकता बताई। इतना बड़ा और जरूरी हिस्सा चेहरे से हटाने की बात पर मरीज को इस बात की चिंता थी कि क्या वो ठीक से खा-पी पाएगा और उसका चेहरा कैसा दिखेगा



अस्पताल में डॉक्टर्स के पैनल ने विचार विमर्श के बाद डॉ. सतीश के आनंदन द्वारा ट्यूमर को हटाने और फिर जबड़े के पुनर्निर्माण का जटिल प्रक्रिया को अपनाने का निर्णय लिया। प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. निखिल पुरी और एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. आशीष विलास उके ने इस रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जबड़े को वापस सामान्य स्थिति में लाया गया। प्लास्टिक सर्जरी टीम ने मरीज और उसके परिवार से जबड़े की हड्डी के पुनर्निर्माण के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि कैसे एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित 3डी प्रिंटेड इम्प्लांट का इस्तेमाल करके हड्डी को फिर से बनाया जा सकता है। यह इम्प्लांट पूरी तरह से मरीज के हिसाब से बनाया गया था, ताकि यह हटाए गए हिस्से की एकदम सटीक प्रतिकृति हो सके।

## 11 जिलों के राजनीतिक दलों को दिया गया आईईएमएस पोर्टल का प्रशिक्षण

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल को अपनी ऑडिट रिपोर्ट अंशदान रिपोर्ट एवं निर्वाचन में अभ्यर्थी खड़े करने पर उस निर्वाचन के लिये निर्वाचन व्यय विवरण इंटीग्रेटेड इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम आईईएमएस पोर्टल पर आनलाइन फाइल किये जाने के संबंध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुधाकर महिला पीजी कालेज खजुरी पाण्डेयपुर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, भदोही, कौशाम्बी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, मऊ एवं सोनभद्र की 152 अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एस.राजलिंगम द्वारा प्रतिभागियों को यह अवगत कराया गया कि आज का प्रशिक्षण आईईएमएस पोर्टल का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किये जाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उक्त कार्य हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लखनऊ स्थित कार्यालय में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

# बंद पड़ी परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ जमीन पर होगा औद्योगिक विकास : शर्मा

**▸ मिली उड़ान, मऊ में बनेगा औद्योगिक संकुल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के औद्योगिक विकास के लिए हमेशा संकल्पित रहते हैं। उसमें भी विशेष रूप उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का भाग जिसका वो स्वयं प्रतिनिधित्व भी करते हैं। उसके विकास को लेकर बहुत ही कृत संकल्पित हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार कार्य कर रहे हैं।

मऊ का पुराना औद्योगिक संकुल जो कई दशकों से बंद पड़ा था उसकी जगह नया विश्व स्तरीय औद्योगिक संकुल स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत थे। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से मऊ जिला औद्योगिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ने जा रहा है। मंत्री श्री शर्मा के आग्रह और प्रयासों को प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकार करने पर कई वर्षों से बंद पड़ी परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ जमीन पर औद्योगिक



संकुल के विकास होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि यह मऊ जिले के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है कि, मऊ जिले की पहचान कही जाने वाली परदहा कॉटन मिल और स्वदेशी कॉटन मिल थी जो कि पहले की सरकारों की उपेक्षा का शिकार होकर कई वर्षों से बंद पड़ी थीं।

परदहा कॉटन मिल की 85 एकड़ जमीन पर औद्योगिक संकुल के विकास के लिए कई महीनों से राज्य सरकार में विविध स्तर पर प्रयास किया गया। अब इसकी सारी औपचारिकता पूर्ण हो गई है। लगभग 48 करोड़ रुपये के खर्च से एक भव्य औद्योगिक पार्क एमएसएमई क्लस्टर बनाने की मंजूरी सरकार ने दे दी है। इस जमीन पर 8.5 करोड़ रुपये की देनदारी को भी सरकार ने माफ कर दिया है। श्री शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी का गुरूवार को इस पार्क का ऑनलाइन शिलान्यास करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। एमएसएमई मंत्री एवं अधिकारी का भी धन्यवाद दिया है।

निकाय चुनाव 2023 के दौरान जनसभा को संबोधित करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मऊ पहुंचे थे। मंच से मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आग्रह करते हुए कहा था कि 1960-70 के दशक में मऊ टेक्सटाइल और बुनाई का केंद्र हुआ करता था। समयांतर में 1959 में स्वदेशी कॉटन मिल की स्थापना हुई थी। उसी के आसपास परदहा में एक कताई मिल की भी शुरुआत हुई. जो कि पिछले कई वर्षों से बंद पड़ी है। इन दोनों कताई मीलों ने हजारों लोगों को रोजगार दिया था। वर्तमान में परदहा में लगभग 85 एकड़ जमीन थी जो आज अनुपयोगी पड़ी है। वहीं स्वदेशी मिल के पास भी 25 एकड़ जमीन है। शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2005-2017 तक के समय की सरकारों की उपेक्षा से इन मिलों के साथ दुर्व्यवस्था की गई जिससे कि आज यह दोनों मिले बंद हैं। प्रदेश सरकार ने पहले अपने बजट में ही औद्योगिक केंद्र संकुल बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर दी थी।

# अपने बूथ पर पीडीए पंचायत आयोजित कर पिछड़े दलित और अल्पसंख्यकों को दिलाएं उनका हक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी ने एवं संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ संगठन लखनऊ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पीडीए पंचायत बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप ने पीडीए पंचायत की समीक्षा की और साथ ही यह निर्देश भी दिया गया कि समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ



लखनऊ से सभी पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर पीडीए पंचायत आयोजित करें ताकि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को उनका हक मिल सके। पीडीए पंचायतों के आयोजन से वर्तमान सरकार काफी परेशान है और जनता में तरह तरह के भ्रम फैला रही है। साथ ही मतदाता सूची में भी ऑनलाइन नये मतदाताओं के नाम बढ़ाने के भी निर्देश दिये।

पीडीए पंचायत बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला निर्वाचन प्रभारी टी0बी0 सिंह, विजय सिंह प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, ज्ञानेन्द्र कुमार ज्ञानू (पीडीए यात्री) सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी पिछड़ा वर्ग, नन्द राम यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, अमर सिंह लोधी जिला महासचिव पिछड़ा वर्ग, लालजी यादव जिला उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू, संदीप कुमार यादव, आशीष प्रजापति, विजय सेन, आशू बहेलिया, रामेन्द्र कुमार यादव, अवशेष कुमार कश्यप, हंसराज यादव, सुरेश चन्द्र कश्यप, अनुराग पाल, अजीत यादव, सुनील कुमार, राजेन्द्र कुमार, कन्हैया लाल मौर्या, विवेक कुमार, हरिप्रसाद लोधी, विनोद कुमार यादव, कमलचन्द्र गौड़, रवि वर्मा, रामप्रकाश प्रजापति, नितेश प्रजापति, सीताराम लोधी, राजकिशोर यादव, ओंकार लोधी, सचिन शर्मा, रवि कुमार गौड़ के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**संबोधन** | अयोध्या के बारे में जानकारी देने के लिए 136 टूरिस्ट गाइडों को किया प्रशिक्षित

# अयोध्या की जानकारी उपलब्ध कराएंगे प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के लोकार्पण के पश्चात देश-विदेश से प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। इन्हें अयोध्या के गौरवशाली इतिहास तथा दिव्य, नव्य एवं अलौकिक नई अयोध्या के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने में प्रशिक्षित गाइड महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

इन गाइडों को मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट लखनऊ से बांग्ला, गुजराती, नेपाली, तेलगू तथा अन्य दक्षिण भाषाओं में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये गाइड दक्षिण भारत तथा दूसरे हिस्सों



से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी होंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम बनेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में 22 टूरिस्ट गाइड को लाइसेंस एवं पहचान पत्र वितरण के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात देशभर से लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसमें दक्षिण भारत से विभिन्न भाषाएं बोलने वाले शामिल हैं। इनको अयोध्या के इतिहास एवं वर्तमान स्वरूप के बारे में विधिवत जानकारी देने के लिए टूरिस्ट गाइड तैयार किये गये हैं। अधिकांश गाइड अयोध्या एवं आसपास के रहने वाले हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन विभाग ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद अलौकिक आस्था का केन्द्र बनती जा रही अयोध्या के बारे में सम्पूर्ण इतिहास की जानकारी देने के लिए इन गाइडों को तैयार किया है।

### 14 भाषाओं में उपलब्ध करा सकेंगे जानकारी

जयवीर सिंह ने बताया कि इन गाइडों में 47 गुजराती, 39 तेलगू, 27 बंगाली और 23 नेपाली भाषा के हैं। इन्हें अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का भी ज्ञान है। कुछ गाइड मराठी, पंजाबी, सिन्धी, तमिल, कन्नड़, फ्रेंच, रसियन और कोरियाई भाषा में भी संवाद करने में सक्षम हैं। यह 14 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग ने इन्हें 10 वर्ष के लिए लाइसेंस जारी किया गया है। इन गाइडों को टूरिस्ट गाइड के रूप में रोजगार के साथ आमदनी भी होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि संस्थान द्वारा जिन छात्रों को लाइसेंस दिया गया है, इसमें 100 से ज्यादा अयोध्या और अन्य आसपास के जिलों से हैं। इसलिए अयोध्या के धार्मिक, अध्यात्मिक, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और ऐतिहासिक स्थिति से पहले से परिचित हैं। प्रशिक्षण के दौरान इनको अयोध्या में हो रहे बदलावों और भविष्य की आवश्यकताओं से परिचित कराया गया है। इन छात्रों को फील्ड विजिट भी कराया गया है। अयोध्या में काम करने वाले टूरिस्ट गाइड ने भी इन छात्रों को प्रशिक्षण दिया है। इस प्रकार सभी छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 10 मार्च तक जनपद में धारा 144 लागू

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद में 11 फरवरी 2024 को उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रार0) परीक्षा 2023, उ0प्र0 भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस की भर्ती परीक्षा, 17 व 18 फरवरी को, माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड-2024 की परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक सम्पादित की जायेगी। 08 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व सम्पन्न होना है। इसके अतिरिक्त संक्रामक बीमारियों के संक्रमण के रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने के लिए जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 10 फरवरी से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर गई है। यह निषेधाज्ञा 10 फरवरी 2024 से 10 मार्च 2024 तक लागू रहेगी।

### ट्रक चालक की लापरवाही से ट्रक मालिक की मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** धान की लोडिंग के लिए ट्रक को आगे पीछे करते समय चालक की लापरवाही से ट्रक मालिक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है मांधाता जिला प्रतापगढ़ निवासी शरीफ खान अपने ड्राइवर के साथ गुरुवार देर रात को ट्रक लेकर बरारा बुजुर्ग निवासी मोतीलाल के पलेसर पर धान की लोडिंग के लिए आया हुआ था ड्राइवर गाड़ी चला रहा था और ट्रक मालिक शरीफ खान पीछे से गाड़ी को आगे पीछे करवा रहा था तभी चालक की लापरवाही से शरीफ खान ट्रक की चपेट में आ गया जिससे वही मौके पर कुचल कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची गदागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी गदागंज संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बरारा बुजुर्ग में धान की लोडिंग के समय ट्रक आगे पीछे करते समय ट्रक से कुचलकर शरीफ खान की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### आधारशिला कॉलेज में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

- 15 फरवरी को आयोजित होगा आधारशिला कॉलेज आव प्रोफेशनल कोर्सेज और राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन की संयुक्त तत्वधान में मिशन शक्ति एवं सम्मान समारोह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आधारशिला कॉलेज आफ प्रोफेशनल कोर्सेज के अध्यक्ष डॉ. तहसीलदार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर यह जानकारी दी कि 15 फरवरी को आधारशिला कॉलेज आफ प्रोफेशनल कोर्सेज और राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन की संयुक्त तत्वधान में मिशन शक्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।जिसमें महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, शिक्षा, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें महिला सशक्तिकरण के लिए श्रीमती डॉ अमिता खुबेले जी, पर्यावरण के क्षेत्र में डॉ महादेव सिंह , शिक्षा के क्षेत्र में कन्हैयालाल और साहित्य के क्षेत्र में डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सुरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व विधायक को सम्मानित किया जाएगा। उस समय उनके साथ राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश मोहम्मद अनीश, प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश मो माजिद, एवं आधारशिला संस्थान के ओ.एस.डी. गिरजा शंकर सिंह व अर्पण श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** निकाली गई भव्य कलश यात्रा हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने कलश यात्रा में किया प्रतिभाग। महराजगंज कस्बे में शुक्रवार से शुरू हो रही श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य मे भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने अपने सर पर कलश रखकर वहीं हजारों की संख्या में और भी लोग पूरे कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कलश यात्रा को लेकर पहुंचे ।रामप्रकाश वैश्य एवं उनकी पत्नी कुसुमलता यजमान ने बताया कि कलश यात्रा महराजगंज कस्बे के विभिन्न मंदिरों में पहुंची एवं कलश यात्रा कुल 9 किलोमीटर की थी जिसमें विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए गए और हजारों की संख्या में लोग कलश यात्रा में शामिल हुए। राम प्रकाश वैश्य ने बताया कि शुक्रवार 9 फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है कथा दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक ओम उत्सव लान निकट पेट्रोल पंप पर आयोजन किया गया है कथा मुरली मनोहर शास्त्री वृंदावन के द्वारा सुनाई जाएगी एवं रात्रि पाली में 7:00 बजे से 10:00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है इस कथा में क्षेत्र के असंख्य भक्तों की आने की संभावना है कथा का समापन 15 फरवरी विशाल भंडारे के साथ होगा।

### अवैध शस्त्रों के साथ चार पशु चोर गिरफ्तार




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही में 8 फरवरी को थाना बछरावां हरचंदपुर एवं गुरबक्शगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना बछरावां,थाना हरचंदपुर एवं थाना गुरबख्शगंज पर संबंधित धाराओं में पंजीकृत अभियोग के वांछित पशु चोर/तस्करों को चोरी के पशुओं के साथ थाना क्षेत्र के नीवा सीमा सई नदी पुल से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया हैद्य जिनके विरुद्ध थाना बछरावां पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैद्य अभियुक्त गण सारुक वेग उर्फ डॉक्टर, दीपेंद्र सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह, प्रण विजय सिंह चौहान पुत्र रणवीर सिंह चौहान., ललित शर्मा पुत्र जानकी प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम विशंभर खेड़ा मजरे खानपुर थाना मौरावां जनपद उन्नाव से पूछताछ करने पर उनके द्वारा यह बताया गया कि उन लोगों का एक गैंग हैद्यजो थाना बछरावां हरचंदपुर गुरबख्शगंज एवं महाराजगंज क्षेत्र में घूम-घूम कर भैंसों की चोरी करने के लिए रेकी करते हैं तथा रात के समय चोरी कर लेते हैं, चोरी की गई भैंसों को भेजने से प्राप्त रूपयो को आपस में बांट लेते हैं।

# प्रेमी युगल का शव मिलने से हड़कंप

- पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले में शुक्रवार को एक गांव के बाहर प्रेमी युगल का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने जब दोनों के शव लटकते देखे तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची मिल एरिया थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

आपको बता दें कि शुक्रवार को रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के बेलीगंज ताजपुर में गांव के बाहर प्रेमी युगल का पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकते हुए शव मिले। ग्रामीणों ने मामले की सूचना संबंधित थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। हत्या या आत्महत्या में पुलिस उलझी हुई है। ऑनर किलिंग का मामला बताया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों मृतक एक ही गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतक राजकुमार की उम्र 27 वर्ष व मृतिका प्रेमिका नैंसी की उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है। घटना को लेकर अभिषेक कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने बताया की यह प्रकरण थाना मिल एरिया का है जो एक युवक और युति का शव पेड से लटकता मिला। प्रथम दृश्य यह केस हैंगिंग का है पोस्टमार्टम के आधार पर विधि कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार पता चला कि दोनों का पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन दोनों की शादी को लेकर घर वालों में विरोध था। इसके चलते दोनों ने मौत को गले लगा लिा। हालांकि पुलिस ने मामले में कहा कि टीम आत्महत्या और ऑनर किलिंग सभी पक्षों से जांच करने के बाद ही नतीजे पर पहुंचेगी। वहीं, दोनों के परिवारों में घटना के बाद कोहराम मच गया।

## नीबी गांव के हॉस्पिटल में दिखे अजगर

- ग्राम प्रधान ने रात्रि में लोगो के जाने पर लगाई रोक

**सरेनी रायबरेली**



प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कस्बा बदलू नीबी में आज मरीजो ने देखा अजगर का परिवार ज्ञात हो कि पिछले वर्ष इसी हॉस्पिटल में अजगर दिखाई दिया था अजगर के द्वारा एक बंदर का शिकार किया गया था जिससे बन्दरो ने खूब आतंक काटा था तब केवल एक ही अजगर दिखाई दिया था किंतु आज करीब 11 बजे अंजली पाण्डेय नाम की पेशेंट हॉस्पिटल दवा लेने गयी तो पास में लगे हैंडपम्प में पानी पीने गयी तो अजगर देखा जब उसके आवाज देने पर स्वास्थ्य कर्मी शिव सिंह अवधेश पाण्डेय वहां पहुचे तो देखा वहाँ अजगर अपने पूरे परिवार के साथ धूप का आनंद ले रहे है।गिनती करने पर देखा गया कि दो बड़े तथा तीन छोटे अजगर वहा पर देखे गए ग्राम प्रधान नीबी श्रीमती कमलेश कुमारी ने लोगो से अपील की है कि रात्रि के समय हॉस्पिटल के अंदर प्रवेश न करे दिन में हॉस्पिटल समय मे ही इलाज के लिये जाय।

## जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तराखंड में अवैध मस्जिद गिराए जाने को लेकर भड़की हिंसा के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस एक्शन मोड में आ गई है शासन के निर्देश पर आज जुमे की नमाज के समय किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ शहर की आधा दर्जन से अधिक बड़ी मस्जिदों का निरीक्षण करने के साथ ही नमाज पढ़ रहे हैं लोगों से बातचीत भी की,अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उत्तराखंड में हुई हिंसा के बाद शासन के निर्देश पर आज जुमे के दिन मस्जिदों के बाहर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान के दौरान बाइक से फर्राटा भर रहे लोगों को रोककर तलाशी भी ली गई।

## मौनी अमावस्या पर श्रध्दालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को गेगासो,शिवपुरी व रालपुर गंगा घाटों पर दूरदराज से पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। शीत लहर होने के बावजूद भी गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की व जरूरतमंदों व तीर्थपुरोहितों को दान देकर पुण्य कमाया। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा में डुबकी लगाई। माघ मास की अमावस्या तिथि पर गंगा स्नान विशेष पुण्यदायी माना गया है! लोगों ने स्नान करने के साथ ही विधि विधान से गंगा मैया की पूजा अर्चना की!सूर्यदेव को अर्घ्य देकर परिवार व समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। पतित पावनी गंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने स्नान दान कर गंगा आरती भी की। शास्त्रों के अनुसार इस दिन गंगा स्नान व दान करना पुण्यदायी होता है!धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन इन उपायों को करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान के बाद भगवान विष्णु और शिव की आराधना का भी विधान है। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों व तीर्थ पुरोहितों को दान दिया!वहीं बहुत से श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अनुष्ठान भी किए।

### गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की रही भीड़

गंगा तट डलमऊ के किला घाट सड़क घाट रानी शिवाला घाट वीआईपी घाट संकट मोचन घाट पक्का घाट पथवारी घाट आदि के साथ लगभग एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और स्नान घाटों के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की गई बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि मौनी अमावस्या माघ महीने में होती है इस बार अद्भुत संयोग है की अमावस्या शनिवार को पड़ रही है जिसे शनिश्चराय अमावस्या भी कहा जाता है जिन व्यक्तियों को शनि ग्रह दोष से ग्रसित हैं गंगा में स्नान कर पीपल में सरसों के तेल का दीपक जलने से शनि ग्रह की शांति मिलती है

## रायबरेली का अभूतपूर्व विकास, गांधी परिवार की देन है : अतुल

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा के ब्लॉक रोहनिया के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, ग्रामसभा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि हम सभी को लोकसभा चुनाव के लिए दिन रात पार्टी के लिए मेहनत करनी होगी। हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक वोट पड़े।

प्रदेश सचिव एवं रायबरेली प्रभारी फिरोज अहमद ने कहा कि राहुल गाँधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारी समर्थन मिल रहा है। समाज के हर तबके के लोग राहुल गाँधी की ओर आशा भारी नजरों से देख रहे हैं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए।कांग्रेस ऐसा राजनैतिक दल है जो सबको साथ लेकर चलता है, जिसमे सभी समाज,सभी धर्मो के लोग हैं।ऊंचाहार की जनता कांग्रेस पार्टी के साथ है।गांव,गरीब,किसान, झुग्गी झोपड़ियो में रहने वालों का विकास सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है।आज रायबरेली का जो अभूतपूर्व विकास हुआ है,गाँधी परिवार की देन है।विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि बूथ पर पहुंचकर कांग्रेस सरकार के समय हुए विकास कार्यों की चर्चा सभी को करना है।मौजूदा सरकार कांग्रेस द्वारा किये गए कार्यों के नाम बदलने का काम कर रही है,इनको विकास से कोई लेना देना नहीं है।.

### सपा नेता फिरोज अहमद की याचिका का संज्ञान लेते हुए विधायक श्याम सुंदर भारती ने सदन में उठाए सवाल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सपा नेता फिरोज अहमद की याचिका का संज्ञान लेकर विधायक बछरावां समाजवादी पार्टी श्याम सुंदर भारती ने सदन में उठाया सवाल रायबरेली के अंतर्गत तहसील महराजगंज में सरकारी बस स्टैंड का निर्माण करवाए जाने एवं तहसील से अन्य जनपदों हेतु बसें संचालित करने के संबंध में फिरोज अहमद निवासी महाराजगंज की याचिका पर विधायक श्याम सुंदर भारती ने संज्ञान लेते हुए सदन में बस स्टॉप के निर्माण कार्य एवं बसों की संख्या बढ़ाने हुए अन्य जनपदों हेतु यात्रियों की यात्रा सुगम हो इसके लिए सदन में सवाल उठाया।

## सत्य प्रकाश पांडे ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक, किया सम्मान




**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ तहसील सभागार में एडवोकेट व रायबरेली लोकसभा सीट से संभावित प्रत्याशी के रूप में तैयारी कर रहे सत्य प्रकाश पांडे ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया एवं आगामी चुनाव में समर्थन देने की बात कही है इस समय लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं भाजपा से विभिन्न संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी के लिए जोर राजमाइश कर रहे हैं और जनता के बीच पहुंचकर सरकार व अपनी बात रख रहे हैं ऐसे ही रायबरेली से संभावित उम्मीदवार सत्य प्रकाश पांडे ने शुक्रवार को डलमऊ तहसील सभागार पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की पेशे से अधिवक्ता रहे सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि वह आगामी लोकसभा में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में रायबरेली से चुनाव लड़ सकते हैं पार्टी से उनका समर्थन भी मिल रहा है कार्यक्रम में डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर अशोक सिंह राजीव कुमार सही जितेंद्र यादव मोहित द्विवेदी सहित सभी अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया श्री पांडे ने कहा कि उनका रायबरेली से पुराना नाता रहा है राजा डल की नगरी डलमऊ में वह कई बार विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल भी हो चुके हैं ऐतिहासिक नगरी होने के चलते यहां विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे इस मौके पर एडवोकेट संजय श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव कृष्ण त्रिपाठी पवन त्रिपाठी एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट लक्ष्मी शंकर शर्मा ने किया

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने समझाए मोटा अनाज खाने के फायदे

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




मोटे अनाज की महत्ता को संपूर्ण समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी को समझाने के लिए सरकार ने विगत वर्ष इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया हमारे प्रधानमंत्री जी ने भी मिलेट्स के फायदे को लेकर कई कार्यक्रम करवाए। महिलाओं की समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब ने भी समाज को जागरूक करने के लिए और साथ ही साथ इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालयी बच्चों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन डिग्री कॉलेज चौराहे पर और शहर में स्थित रेस्टोरेंट सोशल एवेन्यू के सामने करवाया। यह नुक्कड़ नाटक लियो कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं सान्वी सिंह, वंदिता पाण्डेय, दर्श सचान,प्रखर पाण्डेय, अमायरा तिवारी,अभव्या पाण्डेय, श्री गुप्ता,अनुष्का वर्मा, आंशी सिंह, प्रियल सिंह,अराध्या सिंह, आराध्या द्विवेदी,आव्या वर्मा, अनिका त्रिपाठी ने अपनी शिक्षिका आकांक्षा मिश्रा, प्रधानाध्यापिका दीपा तिवारी व प्रबंधक शुभ्रा सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत किया जिसमें बड़े ही रोचक तरीके से आज के दौर में खानपान की बिगड़ी आदतों,जंक फूड,फास्ट फूड के दुष्परिणामों व मोटे अनाज के फायदे के बारे में बताया गया।

इस सफल प्रस्तुति के लिए इनरव्हील क्लब ने लिओ कांवेंट स्कूल को सम्मानित किया.इस अवसर पर अध्यक्ष अलका द्विवेदी, सचिव वैशाली चंद्रा, पूर्व अध्यक्ष अर्चना सिकरिया, मीनू अग्रवाल, सुरुचि सिंह, शिल्पी सिंह,विनीता राजपाल व कार्यक्रम अधिकारी शुभ्रा सिंह उपस्थित रहे।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स की शाखा न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, महराजगंज, रायबरेली के प्रांगण में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ,प्रधानाचार्य एन एस पी एस त्रिपुला एस एल प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र- छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 की छात्रा निवेदिका, निधी, दर्शिका, अनुष्का, यश व अभिनव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सर्वप्रथम गरिमा गुप्ता,गरिमा त्रिपाठी,अंशिका गुप्ता,शगुन,निवेदिता,अंशिका भारतीय के द्वारा सभी गणमान्यों व अन्य सभी का स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत व अभिनंदन किया, निवेदिता सिंह के द्वारा सोलो गीत व सांभवी के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। अनुष्का चौधरी, श्रवी गुप्ता,आराध्या, मुस्कान, अर्पिता,प्रिया के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया साथ ही अभिषेक, वेदांत, सक्षम, अदिती, सोनाक्षी, सुधांशु, अमन, निवेदिता के द्वारा म्यूजिकल एक्ट प्रस्तुत किया गया 7 कक्षा -12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस मौके पर प्रबंधक डा0 शशिकांत शर्मा जी ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है इसलिए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे और आगे चलकर नई -नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे और साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे।

## 11 फरवरी से पुनः संचालित होगी ऊंचाहार एक्सप्रेस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




रायबरेली वालों के लिए खुशखबरी भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने बताया कि ऊंचाहार एक्सप्रेस जो कि पूर्व में निरस्त कर दी गई थी को रेल मंत्रालय ने 11 फरवरी से पुनः चलाने का आदेश पारित किया है।

इस ट्रेन के पुनःसंचालन के संबंध में ऊंचाहार के निवासियों ने भाजपा नेता अजय अग्रवाल से मुलाकात थी। तब बताया था कि हर वर्ष कोहरे का नाम लेकर कई महीनों के लिए ऊंचाहार एक्सप्रेस को निरस्त कर दी जाती है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन का संचलान प्रयागराज से लेकर चंडीगढ़ तक होता है और यह दिल्ली रास्ते होकर चंडीगढ़ जाती है। रायबरेली और ऊंचाहार के वासियों के लिए दिल्ली जाने की एक मात्र एक्सप्रेस ट्रेन है।

**अजय अग्रवाल ने रेल मंत्री से मुलाकात कर की थी मांग :** इस संबंध में भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने 30 जनवरी केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर फिर ऊंचाहार एक्सप्रेस के पुन चलाने के लिए पत्र सौंपा था। उसके बाद तत्काल प्रभाव में रेल मंत्री आदेश पारित कर दिया था। इस ट्रेन के पुन संचालन को भाजपा नेता ने अजय अग्रवाल ने इसे डबल इंजन की सरकार की एक विशेष उपलब्धि बताया है।



### भगवान राम के दर्शन को 21 लोगों का जत्था पद यात्रा करते हुए अयोध्या रवाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भक्त अपने भगवान से दूर नहीं रह सकता इसका जीता जागता उदाहरण दुसौंती गांव से निकला 21 लोगों का जत्था अपने आराध्य भगवान श्री राम के दर्शन करेगा ।दुसौती गांव से 21 लोगों का जत्था संकट मोचन हनुमान मंदिर दुसौंती गांव से पदयात्रा करते हुए रामलाल के दर्शन करेगा लगभग 100 किलोमीटर की इस पदयात्रा में 21 लोग निरंतर चलते हुए अयोध्या पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के दर्शन करेंगे यात्रा में शामिल भाजपा नेता योगेंद्र सिंह और ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज से शुरू हुई है यात्रा रामलाल के दर्शन करने के उपरांत हम सभी अपने गांव वापस आएंगे यात्रा लगभग 100 किलोमीटर की है जिसमें हम सभी पैदल ही भगवान श्री राम के दर्शन करेंगे यात्रा में लवलेश सिंह राजकुमार सिंह काका सत्य प्रकाश सिंह लाला दिनेश सिंह प्रधान घुराडीह संजय सिंह रणजीत सिंह गिरजा शंकर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी कार मे दबंगों ने की तोडफ़ोड़

- आरोप, गाड़ी मे रखे पैसे व जरुरी कागजात उठा ले गए दबंग, पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बेखौफ दबंगों ने घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर कर में रखें रुपए वह अन्य सामान उठा ले गए जिसको लेकर पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले का शिकायती पत्र दिया और कार्यवाही किए जाने की मांग की है। आपको बता दे कि शुक्रवार को रायबरेली जनपद के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव के रहने वाले दीपक ने एसपी को शिकायती पत्र देकर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उसके घर के सामने उसकी कर खड़ी हुई थी जिसमें कुछ दबंगों ने गुरुवार की रात में खड़ी कर में तोड़फोड़ की और कार में रखे पर्स में 12500 रुपयों के साथ कागजात व अन्य सामान उठा ले गए जिसको लेकर मामले की शिकायत लालगंज कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की कार्यवाही न होने को लेकर पीड़ित ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**आवश्यकता है**

1- प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2- विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2-2 प्रवक्ता, 3- कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2-2 प्रवक्ता, 4- स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3-3 प्रवक्ता, 5- यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6- एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः- इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

प्रबंधकः- श्रीमती सरोज
बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय
शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875
मो. नं. 9919751551, 8004972161

**संबंध विच्छेद**

मैं असम राइफल में राइफलमैन के पद पर कार्यरत हूं मेरा सेना क्रमांक जी/5020793K है। मेरे सेना अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम RUDHR, रूधर दर्ज है। जो कि गलत है। उसका सही नाम रुद्र 'RUDRA' है जो सही व सत्य है।

अभिषेक यादव
स्व- प्रेम सिंह
निवासी आलमपुर, पोस्ट - भैसियापुर
थाना गुरसहायगंज, तहसील छिबरामऊ
जनपद (कन्नौज)

## पारदर्शी चयन के लिए लोक विधेयक परीक्षा

ऐसे समय में जब नौकरियों से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल तथा पेपर लीक जैसी धांधलियों की खबरें अकसर आती हैं केंद्र सरकार द्वारा द्वारा लाया गया लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम है। निश्चित रूप से एक जटिल समस्या पर नियंत्रण करने की सार्थक पहल हुई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया है। अच्छी बात यह है कि इस विधेयक को पारित करने के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष का जो रचनात्मक प्रतिसाद रहा, वह उम्मीद जगाता है कि राज्यसभा में भी यह विधेयक आसानी से पारित हो सकेगा। निश्चित रूप से यह कदम उन लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ न्याय होगा, जो वर्षों की मेहनत से प्रतियोगिता परीक्षाएं देते हैं और किसी धांधली की खबरों के कारण परीक्षाएं स्थगित कर दी जाती रही हैं। इस विधेयक में नकल व अन्य अनुचित तौर-तरीके अपनाने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत सुनियोजित तरीके से नकल कराने व पेपर लीक कराने के दोषियों को दस साल की सजा और एक करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, लोकपरीक्षा ( अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक 2024 को लेकर उम्मीद जगी है कि अब परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की धांधली का खमियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा। हाल के वर्षों में कई राज्यों से खबरें आई कि सरकारी नियुक्तियों के लिये आयोजित परीक्षाओं में व्यापक पैमाने पर चतुर-चालाक लोगों द्वारा धांधली की गई। पिछले दिनों हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान परीक्षाओं में धांधली का मुद्दा जोरशोर से उछला भी था। निश्चित रूप से पेपरों का लीक होना उन लाखों परीक्षार्थियों के साथ सरासर अन्याय था जो श्रमसाध्य तरीके से इन परीक्षाओं में भविष्य तलाशते थे। लेकिन धांधली के बाद ये परीक्षाएं स्थगित हो जाती थी। जिससे इन प्रतियोगियों की मेहनत, तैयारी में लगा पैसा व समय बर्बाद हो जाता था। परीक्षाएं टलने से कई प्रतियोगियों की तो निर्धारित उम्र तक निकल जाती थी। दरअसल, पिछले दिनों कई राज्यों में जूनियर क्लर्क, शिक्षक चयन परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा, समूह डी पद व शिक्षक पात्रता परीक्षा में धांधली के मामले प्रकाश में आए थे। जाहिर है इतने बड़े व गोपनीय सिस्टम से पेपर निकालने में किसी सुनियोजित ढंग से काम करने वाले गिरोह का ही हाथ हो सकता है। वहीं परीक्षा आयोजन से जुड़े कुछ लोगों की संदिग्ध भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। आधुनिक तकनीक ऐसे घोटालों में शातिरों के लिये मददगार साबित हो रही थी, जो कम समय में आउट किये पेपरों को पूरे देश में फैला देते हैं। कई जगह कुछ कोचिंग सेंटरों की भी संदिग्ध भूमिका नजर आई है, जो परीक्षा आयोजित करने वाली व्यवस्था में सेंध लगाने में कामयाब हो जाते हैं। निस्संदेह, सरकार की इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन सजा के कड़े प्रावधानों को देखते हुए कोशिश हो कि किसी साजिश के तहत निर्दोष लोग इसकी चपेट में न आ पाएं। हालांकि, केंद्र सरकार की तरफसे कोशिश हुई है कि परीक्षार्थियों को नये प्रावधानों से नुकसान न हो, फिर भी कानून का पालन करवाने वाली एजेंसियों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश में सरकारी सेवाओं के प्रति युवाओं में बड़ा सम्मोहन है। खासकर सुरक्षित नौकरी की चाह कोरोना संकट ने और बढ़ायी है। यही वजह है कि सिमटती नौकरियों व बढ़ते बेरोजगारों के चलते परीक्षा में सफलता में प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है। जिसका लाभ बिचौलिए परीक्षार्थियों को प्रलोभन देकर उठाते हैं।

**वह कहते हैं कि जीवन के हर पहलू में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के साथ माता-पिता के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वे पूरी तरह से सोच-समझकर ऐसा दृष्टिकोण अपनाएं जोकि यह सुनिश्चित कर सके कि उनके बच्चे टेक्नोलॉजी के साथ एक जिम्मेदार और सामंजस्यपूर्ण संबंध विकसित कर सकें। संदीप कुमार का कहना है कि ÷बातू टेक भारतीय माता-पिता की चिंताओं को समझता है और बच्चों में स्क्रीन की लत और अनुचित कंटेंट उपभोग के गंभीर मुद्दे का समाधान प्रतिबद्ध है। डिजिटल युग में पालन-पोषण के लिए निरंतर सतर्कता, खुले और ईमानदार संचार और बेहतर व जानकारी से भरे नजरिये की जरूरत है। हमारे स्मार्ट पैरेंटिंग समाधान माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत की सुरक्षा करते हुए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने में सशक्त बनाते हैं। वह कहते हैं कि बातू टेक आज की डिजिटल दुनिया में बच्चों की परवरिश करने की जटिलताओं से निपटने के तरीके में बड़ा बदलाव ला रहा है। नए उपकरण और संसाधन मुहैया कराते हुए बातू टेक बच्चों और तकनीक के बीच एक जिम्मेदार और सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

# बच्चों का डिजिटल संसार, क्रिटिकल उपहार

मुकुंद



**बातू टेक के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार कहते हैं कि हालांकि इससे पहले के एक मुताबिक अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उनके संज्ञानात्मक विकास में बाधा डाल सकता है और सामाजिक संपर्क को प्रभावित कर सकता है। वह कहते हैं कि सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों में गेमिंग की लत की बढ़ती प्रवृत्ति है। जर्नल ऑफ बिहेवियरल एडिक्शन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग तीन-चार प्रतिशत बच्चे समस्या की हद तक गेमिंग व्यवहार का अनुभव करते हैं। यह लत विभिन्न प्रकार के हानिकारक प्रभावों को जन्म दे सकती है, जिसमें खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, नींद के पैटर्न में व्यवधान और शारीरिक गतिविधि में होने वाली कमी शामिल हैं। इसके अलावा, हिंसक या आक्रामक स्पोर्ट्स कंटेंट में लंबे समय तक संपर्क बच्चों में बढ़ती आक्रामकता और वास्तविक जीवन की हिंसा के प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देती है।**

भारतीय जीवनशैली पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव काफी हद तक बढ़ा है। हम उनके रहन-सहन की आधुनिक शैली को तो अपना लेते हैं पर उनकी कुछ अच्छी चीजों की अनदेखी कर देते हैं। मसलन आज से दो दशक पहले ब्रिटेन के प्राइमरी स्कूलों में पढ़ रहे करीब 60 फीसदी बच्चों के पास मोबाइल फोन होते थे। तब के हेलीफैक्स के आंकड़ों के मुताबिक सात से 11 साल के लगभग 60 फीसदी बच्चे मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे। सर्वेक्षण के मुताबिक ब्रिटेन के बच्चे बचत के मामले में बड़ों से काफी आगे थे। ये बच्चे पॉकेट मनी या दूसरे स्रोतों से होने वाली इनकम का 60 फीसदी हिस्सा बचाकर रखते थे। वह ऐसा कुछ नहीं करते थे कि उनके परिजन परेशान हों। वहीं, आज के संदर्भ में भारत के माता-पिता के लिए बच्चों का मोबाइल फोन से चिपके रहना किसी चुनौती से कम नहीं है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण के सफर में कई तरह की चुनौतियां मौजूद हैं। ऑनलाइन कंटेंट से भरी दुनिया में बड़े हो रहे बच्चों के साथ, रचनात्मक जुड़ाव और हानिकारक लत के बीच की रेखा तेजी से धुंधली होती जा रही है। देश में स्मार्ट पैरेंटिंग सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी बातू टेक ने हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के नतीजों की घोषणा की है। यह सर्वेक्षण बच्चों में स्क्रीन की लत, गेमिंग और वयस्क कंटेंट की खपत के बारे में भारतीय माता-पिता को आगाह करता है। 3000 लोगों के बीच किए गए इस सर्वेक्षण से पता चला कि 95 प्रतिशत भारतीय माता-पिता स्क्रीन की लत को लेकर ज्यादा परेशान हैं। 80 फीसद ने गेमिंग की लत और 70 प्रतिशत ने एडल्ट कंटेंट की खपत को लेकर चिंता जताई है।

बातू टेक के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार कहते हैं कि हालांकि इससे पहले के एक मुताबिक अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उनके संज्ञानात्मक विकास में बाधा डाल सकता है और सामाजिक संपर्क को प्रभावित कर सकता है। वह कहते हैं कि सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों में गेमिंग की लत की बढ़ती प्रवृत्ति है। जर्नल ऑफ बिहेवियरल एडिक्शन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग तीन-चार प्रतिशत बच्चे समस्या की हद तक गेमिंग व्यवहार का अनुभव करते हैं। यह लत विभिन्न प्रकार के हानिकारक प्रभावों को जन्म दे सकती है, जिसमें खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, नींद के पैटर्न में व्यवधान और शारीरिक गतिविधि में होने वाली कमी शामिल हैं। इसके अलावा, हिंसक या आक्रामक स्पोर्ट्स कंटेंट में लंबे समय तक संपर्क बच्चों में बढ़ती आक्रामकता और वास्तविक जीवन की हिंसा के प्रति असंवेदनशीलता को बढ़ावा देती है।

कुमार का मानना है कि माता-पिता और शिक्षकों को गेमिंग की लत के संकेतों के बारे में पता होना चाहिए और बच्चों के जीवन में गेमिंग और अन्य गतिविधियों के बीच एक स्वस्थ संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। जुड़ाव और संपर्क के वैकल्पिक स्वरूपों को बढ़ावा देकर और स्पष्ट सीमाएं तय करके हम बच्चों को टेक्नोलॉजी को लेकर एक बेहतरीन नजरिया विकसित करने में मदद कर सकते हैं और अत्यधिक गेमिंग के नकारात्मक परिणामों को रोक सकते हैं।

बातू टेक डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और बच्चों को स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने, गेमिंग की लत और इंटरनेट के अत्यधिक इस्तेमाल के खतरों से बचाने के बीच एक बारीक संतुलन के महत्व को समझता है। बातू टेक का सर्वे कई समाचार रिपोर्ट्स और ऑनलाइन चर्चाओं के निष्कर्षों के बाद किया गया। इन निष्कर्षों में भी बच्चों के अनुचित सामग्री के संपर्क और अत्यधिक स्क्रीन समय के बारे में बढ़ती चिंताओं को सामने रखा है।

वह कहते हैं कि जीवन के हर पहलू में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के साथ माता-पिता के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वे पूरी तरह से सोच-समझकर ऐसा दृष्टिकोण अपनाएं जोकि यह सुनिश्चित कर सके कि उनके बच्चे टेक्नोलॉजी के साथ एक जिम्मेदार और सामंजस्यपूर्ण संबंध विकसित कर सकें। संदीप कुमार का कहना है कि ÷बातू टेक भारतीय माता-पिता की चिंताओं को समझता है और बच्चों में स्क्रीन की लत और अनुचित कंटेंट उपभोग के गंभीर मुद्दे का समाधान प्रतिबद्ध है। डिजिटल युग में पालन-पोषण के लिए निरंतर सतर्कता, खुले और ईमानदार संचार और बेहतर व जानकारी से भरे नजरिये की जरूरत है। हमारे स्मार्ट पैरेंटिंग समाधान माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत की सुरक्षा करते हुए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने में सशक्त बनाते हैं। वह कहते हैं कि बातू टेक आज की डिजिटल दुनिया में बच्चों की परवरिश करने की जटिलताओं से निपटने के तरीके में बड़ा बदलाव ला रहा है। नए उपकरण और संसाधन मुहैया कराते हुए बातू टेक बच्चों और तकनीक के बीच एक जिम्मेदार और सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विशेषज्ञ कहते हैं कि कुछेक साल से 12 से 18 महीने की उम्र के बच्चों में स्मार्टफोन के इस्तेमाल की बढ़ोतरी देखी गई है। ये स्क्रीन को आंखों के करीब ले जाते हैं और जिससे आंखों को नुकसान पहुंचता है। इससे जल्दी चश्मा लगने, आंखों में जलन और सूखापन, थकान जैसी दिक्कत हो रही हैं। बच्चे स्मार्टफोन चलाने के दौरान पलकें कम झपकाते हैं। इसे कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहते हैं। माता-पिता को सचेत रहना चाहिए बच्चे स्क्रीन का सामना आधा घंटे से अधिक न कर पाएं। कम उम्र में स्मार्टफोन की लत की वजह बच्चे सामाजिक तौर पर विकसित नहीं हो पाते हैं।

## विचार

# भारत की आत्मा संविधान या भगवान राम

राम पुनियानी

**स्वाधीनता के समय नेहरू ने कहा भी था कि जहां हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है वहीं हमारा समाज धार्मिकता के चंगुल में फंसा हुआ है। नेहरू ने राष्ट्रपति को यह सलाह दी थी कि वे अपनी आधिकारिक हैसियत से सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन न करें। और आज पूरी कैबिनेट मंदिर का उद्घाटन करने के लिए मोदी की जय जयकार कर रही है और बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि मंदिर का उद्घाटन, भारत की आत्मा की आजादी के सदृश है! देश की गुलामी और आजादी भी बहस का मुद्दा बन गई है। एक फिल्म तारिका कंगना रानौत ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि-भारत को स्वतंत्रता 2014 में मिली क्योंकि उस साल मोदी प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री और उनके विचारधारात्मक सहयोगी हमें बता रहे हैं कि भारत पिछले एक हजार सालों से गुलाम था। मतलब यह कि जिस समय भारत पर मुसलमान राजाओं का शासन था, उस समय देश गुलाम था।**

सन् 1947 में आजादी के साथ हमें संप्रभुता भी हासिल हुई और सत्ता हमारे प्रतिनिधियों के हाथों में आई। भारत की आत्मा का क्या? भारत की आत्मा क्या है? भारत की आत्मा उन मूल्यों में है जो हमारे स्वाधीनता संग्राम का आधार थे। भारत की आत्मा उन आंदोलनों में है जो आजादी के आन्दोलन के साथ-साथ और उसके समानांतर चले। ये श्रमिकों और किसानों के आन्दोलन थे, ये सामाजिक समानता के लिए आन्दोलन थे।

भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन की धूम अब भी हम सबके कानों में गूंज रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन संपन्न किया और वे ही पूरे समारोह के केंद्र थे। ऐसा लग रहा था मानों वे राष्ट्र और धर्म दोनों की सत्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। सामंती युग में राष्ट्र-सत्ता और धर्म-सत्ता एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करती थी- किंग और पोप, नवाब और शाही इमाम और राजा और राजगुरु। महाराष्ट्र में इस संयुक्त उपक्रम का नाम तुकबंदी में है- शेटजी-भटजी (जमींदार और पुरोहित)। हमारे देश में धर्म के नाम पर राजनीति तो पहले से ही हो रही थी। धर्म और सत्ता का यह घालमेल सचमुच बहुत चिंताजनक है। जब भारत स्वाधीन हुआ और भारतीय संविधान लागू हुआ तब हमारे समाज में धर्म की गहरी पैठ थी। इसी के चलते सोमनाथ मंदिर को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति की हैसियत से मंदिर का उद्घाटन करना चाह रहे थे। नेहरु ने उन्हें लिखा, श्मुझे लगता है कि सोमनाथ मंदिर के भव्य उद्घाटन के साथ अपने आपको जोड़ने का आपका इरादा ठीक नहीं है। यह केवल एक मंदिर में जाने का प्रश्न नहीं है। निश्चित तौर पर मंदिर में तो आप या कोई भी अन्य व्यक्ति जा सकता है। यहां सवाल एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भागीदारी का है और दुर्भाग्यवश इसके बहुत-से निहितार्थ हैं।

इसके सात दशक बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खूब शानोशौकत से एक मंदिर का उद्घाटन किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने विशाल राष्ट्रपति भवन से इस भव्य समारोह को देखा। केन्द्रीय कैबिनेट ने न सिर्फ उद्घाटन का स्वागत किया वरन एक प्रस्ताव भी पारित किया। देश के शरीर ने 1947 में स्वाधीनता हासिल कर ली थी.उसमें प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को हुईप्रस्ताव के अनुसार राममंदिर आन्दोलन ने देश में अभूतपूर्व एकता कायम की थी और 22 जनवरी को देश की आत्मा को आजादी हासिल हुई। (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, 25 जनवरी, 2024)। इस घटनाक्रम से धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों में गंभीर गिरावट का संकेत मिलता है। अब तक तो राज्य कुछ हद तक धर्म से दूरी बनाये रखता था। मगर अब तो धर्मनिरपेक्षता का कोई नामलेवा ही नहीं बचा है।

स्वाधीनता के समय नेहरु ने कहा भी था कि जहां हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है वहीं हमारा समाज धार्मिकता के चंगुल में फंसा हुआ है। नेहरु ने राष्ट्रपति को यह सलाह दी थी कि वे अपनी आधिकारिक हैसियत से सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन न करें। और आज पूरी कैबिनेट मंदिर का उद्घाटन करने के लिए मोदी की जय जयकार कर रही है और बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि मंदिर का उद्घाटन, भारत की आत्मा की आजादी के सदृश है! देश की गुलामी और आजादी भी बहस का मुद्दा बन गई है। एक फिल्म तारिका कंगना रानौत ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि-भारत को स्वतंत्रता 2014 में मिली क्योंकि उस साल मोदी प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री और उनके विचारधारात्मक सहयोगी हमें बता रहे हैं कि भारत पिछले एक हजार सालों से गुलाम था। मतलब यह कि जिस समय भारत पर मुसलमान राजाओं का शासन था, उस समय देश गुलाम था। किसी देश या क्षेत्र की गुलामी की परिभाषा क्या है? मोटे तौर पर हम दो कसौटियां अपना सकते हैं-

पहला, जब किसी क्षेत्र का शासन उसके बाहर से चलाया जा रहा हो। जिन मुस्लिम राजाओं ने भारत में शासन किया वे यहीं बस गए और उन्होंने स्थानीय जमींदारों-राजाओं की मदद से राज चलाया। दूसरी बड़ी कसौटी है कि क्या किसी इलाके की धन-संपत्ति वहां से बाहर ले जाई गई। मुस्लिम शासनकाल में ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह तो ब्रिटिश राज में हुआ। शशि थरूर ने अपनी पुस्तक डार्क इरा ऑफएम्पायर में बताया है कि किस तरह ब्रिटिश राज में भारत की संपत्ति इंग्लैंड ले जाई गई। इन दोनों आधारों पर तो ब्रिटिश शासन गुलामी का काल था। हां, कुछ मुस्लिम लुटेरे भी भारत आये थे मगर वे यहां शासन चलाने के लिए रुके नहीं। सन् 1947 में आजादी के साथ हमें संप्रभुता भी हासिल हुई और सत्ता हमारे प्रतिनिधियों के हाथों में आई। भारत की आत्मा का क्या? भारत की आत्मा क्या है? भारत की आत्मा उन मूल्यों में है जो हमारे स्वाधीनता संग्राम का आधार थे। भारत की आत्मा उन आंदोलनों में है जो आजादी के आन्दोलन के साथ-साथ और उसके समानांतर चले।

ये श्रमिकों और किसानों के आन्दोलन थे, ये सामाजिक समानता के लिए आन्दोलन थे। भारत की आत्मा, भारतीय सभ्यता से उभरी, जिसे नेहरु ने श्एक ऐसी प्राचीन स्लेट बताया है जिस पर एक के ऊपर एक कई परतों में विचार और सपने लिखे गए मगर कोई परत, पिछली परत में जो लिखा गया था उसे न तो पूरी तरह ढंक पाई और ना ही मिटा पाई। आजादी के आन्दोलन को किसानों के आंदोलनों (जैसे बारडोली और चंपारण) से मदद मिली और श्रमिकों के आंदोलनों से भी, जिनमें नारायण मेघाजी लोखंडे एवं कॉमरेड सिंगारवेलु के नेतृत्व में चले आन्दोलन शामिल हैं।

# समग्र क्रांति के अग्रदूत महर्षि दयानंद

**महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर विशेष**

डॉ. मोक्षराज



गुजरात के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मैथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है। पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व ।

जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ । उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था। वे औदीच्य ब्राह्मण थे। महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आज़ाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे।

अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया । वे भले ही ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए किंतु उन्होंने धर्म के नाम पर प्रचलित विभिन्न पाखंड व अंधविश्वासों का इतना विरोध किया कि उसके कारण भारत के बड़े-बड़े पंडित, मौलवी व देश विदेश के पादरी भी उनके न केवल विरोधी हुए बल्कि उनके खून के प्यासे हो गये । दुर्गा कुंड के पास आनंद बाग में 1868 में हुआ काशी शास्त्रार्थ इतिहास के पन्नों में उस अकाट्य प्रश्न को भी लिख गया- ÷वेदों में मूर्तिपूजा है कहां ?÷ तथा कुरान व बाइबिल अवैज्ञानिक हैं। स्वराज्य के प्रथम मंत्रद्रष्टाः महर्षि दयानंद सरस्वती अंग्रेजी वायसरायों के समक्ष भी सदैव भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मुखर रहे। वे किसी भी मत संप्रदाय से ईर्ष्या तो नहीं करते थे, किन्तु उनके दोषों को दूर करने के लिए जीवन भर प्रयत्न करते रहे।

महर्षि दयानंद चाहते थे कि सारी दुनिया अपनी मूल विरासत मूल संस्कृति वेदों की ओर लौटे, ताकि प्रत्येक प्राणियों के साथ-साथ समस्त मनुष्यों का भी हित सुरक्षित रह सके। वसुधैव कुटुम्बकम् के अप्रतिम हस्ताक्षरः वे कहते थे कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करना। ऋषि दयानंद के हृदय में तनिक भी संकुचित भाव नहीं था । वे सम्पूर्ण मानव जाति के लिए उदार मन से ज्ञान के द्वार खोलते और सब के दोषों को दूर करने के प्रयत्न करते थे । हम भारत के उस महान दार्शनिक, चिंतक, समाज सुधारक एवं समग्र क्रांति के अग्रदूत के जन्म की दूसरी शताब्दी मना रहे हैं, एतदर्थ आप सबको बहुत बहुत बधाई।



# राशिफल

**मेषः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृषभः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः**- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :**- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह :**- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः**- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृश्चिकः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**धनुः**- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकरः**- सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभः**- आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः**- व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# स्वामीनाथन : जिन्होंने भूख और अन्न का व्याकरण बदल दिया

संजीव

**स्वामीनाथन को हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। जिसने यह सुनिश्चित किया कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा पैदावार ले सकें। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म (एचवाईवी) के बीज विकसित किए, जिसने आगे चलकर हरित क्रांति की लहर के रूप में भारतीय कृषि जगत की सूरत बदल दी। देश में हरित क्रांति की शुरुआत दिल्ली-हरियाणा सीमा के एक गांव से हुई। जौंती के नाम से मशहूर यह गांव, देश के कृषि क्रांति का नर्सरी रहा है। स्वामीनाथन ने इस गांव का चयन गेहूं और बाजरा के उन्नतशील बीजों पर अनुसंधान के लिए किया था।**



सुप्रसिद्ध कृषि विज्ञानी प्रोफेसर मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई है। पिछले साल ही 28 सितंबर को इस महान वैज्ञानिक का 98 साल की आयु में निधन हो गया था। उनके वैज्ञानिक अवदान की वजह से लाखों भारतीय गरीब दशकों तक भूख के खिलाफ जीवन-मरण की लड़ाई जीत सके या अकाल मौत का निवाला बनने से कम-से-कम बचे रह सके। मानव सेवा के क्षेत्र में इस सर्वोच्च योगदान की इसी वजह से टाइम मैगजीन ने 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई के रूप में जिन तीन भारतीयों का चयन किया, उनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी के साथ एमएस स्वामीनाथन का नाम था।

स्वामीनाथन को हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। जिसने यह सुनिश्चित किया कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा पैदावार ले सकें। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म (एचवाईवी) के बीज विकसित किए, जिसने आगे चलकर हरित क्रांति की लहर के रूप में भारतीय कृषि जगत की सूरत बदल दी। देश में हरित क्रांति की शुरुआत दिल्ली-हरियाणा सीमा के एक गांव से हुई। जौंती के नाम से मशहूर यह गांव, देश के कृषि क्रांति का नर्सरी रहा है। स्वामीनाथन ने इस गांव का चयन गेहूं और बाजरा के उन्नतशील बीजों पर अनुसंधान के लिए किया था।

दरअसल, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें भूख से छटपटाते करीब 20 लाख से ज्यादा भारतीयों की जान चली गई। बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है। 4 अगस्त 1943 को चर्चिल की अगुवाई में वॉर कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें अधिकारियों ने बंगाल में भूख से मर रहे लोगों की मदद के लिए तत्काल पांच लाख टन गेहूं भारत भेजने की सिफारिश की। लेकिन चर्चिल ने न केवल भारत में अनाज भेजने से मना किया बल्कि यह ताना भी मारा कि खरगोश की तरह बच्चा पैदा करने वाले भारतीय इस अकाल के लिए खुद जिम्मेदार हैं। इसी बैठक में चर्चिल ने यूरोप के बाकी हिस्सों में अनाज भेजने के आदेश दिए ताकि दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेज सैनिकों के लिए खाने की कमी न हो।

बहरहाल, तमिलनाडु के कुंभकोणम में 7 अगस्त, 1925 को पैदा हुए 18 वर्षीय युवक स्वामीनाथन को इस परिदृश्य ने झकझोर कर रख दिया। अनाज के बिना मौत के भयावह आंकड़ों ने युवक स्वामीनाथन के भीतर देश के हर व्यक्ति के लिए खाद्यान्न सुनिश्चित कराने के संकल्पों को भी कहीं मजबूत किया। 1944 में स्वामीनाथन ने मद्रास एग्रीकल्चर कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1960 के दशक के आखिरी वर्षों में स्वामीनाथन का संकल्प आखिरकार सिद्ध हुआ। हर भारतीय के लिए खाद्यान्न सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प को स्वामीनाथन ने हरित क्रांति के जरिये पूरा कर दिखाया। यह किसी चमत्कार से कम नहीं था कि भारत सरकार ने 1971 में देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर घोषित कर दिया।

भारतीय कृषि जगत में स्वामीनाथन का योगदान और उसके व्यापक प्रभाव का ही नतीजा है कि भारत पहले खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ। दशकों तक प्रकारांतर से भारत खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में विश्व का प्रमुख देश बन गया। केवल गेहूं उत्पादन की ही बात करें तो भारत सरकार की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक पिछले छह दशकों में गेहूं उत्पादन में लगभग 1000 फीसदी की वृद्धि हुई है। हरित क्रांति के बाद यह रिकॉर्ड उत्पादन है। गेहूं उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है। देश का कुल गेहूं उत्पादन 1960 के दशक की शुरुआत में 98.5 लाख टन था जो बढ़कर 2021-2022 में 1068.4 लाख टन हो गया। 2021-2022 में भारत ने रिकॉर्ड 70 लाख टन खाद्यान्न का निर्यात किया है। 1960 के दशक से भारत की प्रति हेक्टेयर उपज में तीन गुना वृद्धि हुई है। खाद्यान्न का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 1960 के मध्य में 757 किलोग्राम से बढ़ कर 2021 में 2.39

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# सर्राफा व्यापारी से लूट व हत्या में तीन गिरफ्तार

**दो लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली**

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पनवाडी के चर्चित सर्राफ लूट व हत्याकांड में हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस को शुक्रवार तड़के उस समय बड़ी सफलता मिली जब वह संदिग्धों की तलाश के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी।

अभियान में 3 संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे, पुलिस ने पीछा किया तो संदिग्ध ने फायरिंग शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने भी घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली लगने से दो लुटेरे घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मुठभेड़ के बाद खाकी ने जिले भर में चौकसी बढ़ा दी है। घायलों से



पूछताछ के आधार पर पुलिस अन्य हमलावरों तक पहुंचने की तैयारी कर रही है।

अलीपुरा निवासी सराफा व्यापारी अजयकांत सोनी 25 जनवरी 2024 को चौबे मार्केट में स्थित अपनी सोने चांदी के आभूषणों की दुकान बंद कर घर जा रहे थेतभी बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने रास्ता रोक कर सोने चांदी के आभूषण लूट लिए और विरोध करने पर उनको गोली मार दी थी। सिर पर लोहे की राड और गोली लगने से वह बुरी तरह घायल हो गए थे, मेडिकल कॉलेज में 28 जनवरी उनकी मौत हो गई। पत्नी मीना सोनी के अनुसार ढाई किलो सोना, 25 किलो चांदी व ढाई लाख की नगदी लूट ले गए थे। सर्राफ हत्याकांड के बाद पुलिस पर हमलावरों की गिरफ्तारी का दबाव था। एक पखवाड़े में कई बार व्यापारियों व परिजनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए लुटेरों की गिरफ्तारी की मांग उठाई जिस पर पुलिस ने शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए स्वाट, सर्विलांस सहित 12 टीमें काम कर रही थीं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो आरोपियो ने फायर कर दिया आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 आरोपी घायल हुए हैं घायलों के नाम शहीद निवासी पहाड़िया महोबकंठ और आनंद प्रजापति निवासी इंद्रगढ़ दतिया मध्य प्रदेश बताए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का त्रिवार्षिक चुनाव तीन मार्च को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत की जनपद इटावा की इकाई शाखा का त्रिवार्षिक निर्वाचन 3 मार्च दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से शादीलाल धर्मशाला स्टेशन रोड़ इटावा में संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला महासचिव योगेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि जिला कार्य समिति के निर्वाचन हेतु श्री आनंद कुमार दुबे सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर इटावा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ सहयोग के लिए संरक्षक शिव कुमार गुप्ता को जोडा गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में चुनाव लड़ने व वोट देने के लिए आजीवन सदस्य होना अनिवार्य है। एक वर्षीय व आजीवन सदस्यता की अंतिम तिथि 28 फरवरी है। निर्वाचन में कार्य समिति का गठन संगठन के नियमों के अनुसार होगा। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता व महिला प्रधान अभिकर्ता जो जिला बचत अधिकारी द्वारा नियुक्त किये गये है वह साधारण व आजीवन सदस्यता ले सकतें हैं।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में फूंका गया राहुल गांधी का पुतला

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पिछड़ों के सम्मान में भाजपा मैदान में के नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा ने राहुल गांधी की आलोचना की मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री जो की पिछड़ी जाति से आते हैं राहुल गांधी द्वारा पिछड़ी जाति का जो अपमान किया है उसके लिए आक्रोश व्याप्त है राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह इस तरह की बातें करते रहते हैं राहुल गांधी ने कहा की तेली समाज को भाजपा ने बाद में पिछड़ी जाति में शामिल किया पहले वह जनरल में थे बल्कि सभी जानते हैं कि तेली समाज पिछड़ी जाति का एक हिस्सा है इससे नाराज भाजपा नेताओं द्वारा मुख्यालय के आल्हा चौक



पर राहुल गांधी का पुतला जलाया गया।

विगत दिनों राहुल गांधी ने कहा था कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ी जाति के नहीं है उन्होंने मोदी की हीं नहीं बल्कि पिछड़ी जाति का ही अपमान किया है इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष आशीष शिवहरे, पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री विनोद कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल शर्मा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी, पिछड़ा मोर्चा के मनीष नामदेव, अर्पित चौरसिया, हेमंत नामदेव युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी संतोष गुप्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छात्राओं को स्वेटर, जूते एवं मोजे वितरित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऊषा यादव निवर्तमान अध्यक्ष फेडरेशन 5 एवं नीलम भदौरिया निवर्तमान अध्यक्ष जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संयुक्त संयोजकत्व में जी जी आई सी इटावा की 30 तीस छात्राओं को भीषण ठंडी से निजात दिलाने हेतु स्वेटर जूते एवं मोजे वितरण किए। आयोजन की मुख्य अतिथि अंजू श्री प्रधानाचार्य ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा समय समय पर सम्पादित सेवा कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय होते हैं । निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने कहा कि जायण्ट्स परिवार दीन सेवा ही ईश सेवा को चरितार्थ करता है। जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी ने आयोजन में लाभान्वित समस्त छात्राओं के साथ साथ सराहनीय योगदान करने हेतु अंजू श्री प्रधानाचार्य, ऊषा यादव निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष, नीलम भदौरिया निवर्तमान अध्यक्ष दतावली, उपाध्यक्ष विश्व विजय त्रिवेदी, प्रशासनिक निदेशक सुमिता श्रीवास्तव, रीता मेहरोत्रा, राखी मित्तल, पूनम सहाय, सुमति यादव, करूणा वन्सल, केशवती गोयल, रीना यादव, श्रद्धा अवस्थी, निधि दुवेदी, का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के दरियापुर कुंडौरा के रामटेकरी आश्रम में शतचंडी महायज्ञ को लेकर महंत हरीओम महाराज की नेतृत्व में में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका गांव में जगह जगह स्वागत किया गया। ब्रह्मलीन सन्त स्वामी रोटीराम महाराज की तपस्थली रामटेकरी में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है।शुक्रवार को नयनाभिराम झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दोनों गांवों के भ्रमण के बाद कलश यात्रा आश्रम में पहुंच कर संपन्न हुई।जहां भागवताचार्य दिनेश महाराज ने कलश पूजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा का की शरुआत की। उन्होंने भागवत पुराण के महत्तम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में एक बार कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार, दरियापुर प्रधान आशाराम प्रजापति, कुंडौरा प्रधान अरविंद प्रताप यादव, शशिकांत शुक्ला,पूर्व प्रधान अवधेश यादव,पंकज सिंह तोमर,राकेश शुक्ला,राहुल पालीवाल, पुनीत पालीवाल,पूर्व प्रधान पौथिया आनंद अशोक सचान,संदीप यादव,अरविंद श्रीवास्तव,रामबली सिंह, अशोक व्यास सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### रोजगार मेला में 172 आवेदन में 106 का चयन



**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने किया। तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए। विकास खंड परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमे कौशल विकास मिशन,राजकीय औद्योगिक विकास संस्थान,एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमे प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्टाल लगाए कंपनियों ने रोजगार प्रदान किया गया। कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक रवि वर्मा ने बताया की मेले में 172 अभ्यर्थियों ने मेले में रोजगार के लिए पंजीकरण कराया। जिसमे 106 युवाओं को विभिन्न पदों पर चयन कर नियुक्ति पत्र वितरण किए गए।मेले में आठ कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय,शिवराम सिंह,प्रदीप कुमार गुप्ता,जिला प्रबंधक कौशल विकास मिशन,आई टी आई प्रभारी के जी सक्सेना,शमशाद अहमद,राधेश्याम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आनंद क्लीनिक पर हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के सिविल लाइंस स्थित आनंद क्लीनिक पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। धर्मानुरागी हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. ए पी शर्मा के उक्त क्लीनिक पर वरिष्ठ नागरिक सुंदरकांड समिति के तत्वावधान में समिति के संरक्षक गोविंद माधव शुक्ला, अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट, राधेश बाबा, अरविंद प्रताप धनगर, अनिल कुमार गौर एडवोकेट, सुधीर मिश्र तथा ढोलक पर तरुण शर्मा के द्वारा पूरे भक्तिभाव एवं शास्त्रीय स्वर लहरियों के साथ संगीतमय सुंदरकांड की सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर उपस्थित भक्त श्रोता आनंद विभोर हो उठे। इस अवसर पर राजेश वाजपेई, आदित्य कुमार पांडेय गुरुजी एडवोकेट, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य, संजय शुक्ला, राम मनोहर दीक्षित, रामकुमार दुबे, डा. ए के दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। पाठ के अंत में आयोजक डा. आनंद शर्मा एवं दंत चिकित्सक डा. आदित्य शर्मा ने आरती करके सभी को प्रसाद वितरण किया और आभार जताया।

# नपं अध्यक्ष ने चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं को वितरित की पूड़ी सब्जी

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने अमावस्या के अवसर पर ट्रेन से कामतानाथ के दर्शन करने जाने वाले चित्रकूट के यात्रियों को पूड़ी सब्जी वितरित किया। प्रसाद पाकर यात्रियों ने खुशी जाहिर की।

प्रत्येक अमावस्या पर नगर पंचायत धीरेंद्र शिवहरे कामतानाथ के दर्शन करने चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालु भक्तों को स्टेशन में भोजन वितरित करने का कार्यक्रम चला रखा है। शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर चित्रकूट जाने वाले यात्रियों को



नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्टेशन में स्टाल लगाकर पूड़ी सब्जी वितरित की। इस मौके पर ईओ कुलकमल सिंह यादव, सभासद राजेश वर्मा सहित अन्य सभासद व कर्मी मौजूद रहे। पूड़ी सब्जी पाकर श्रद्धालु भक्त प्रसन्न नजर आए।

# गौरव महोत्सव में कीरतसागर तट पर किया गया योग का आयोजन

**अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने की भागीदारी**

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले में दो दिवसीय गौरव महोत्सव की शुरूआत हुई। जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी भागीदारी की।

बता दें कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन जिले में 9 व 10 फरवरी को किया जाएगा। शुक्रवार 9 फरवरी को इसका शानदार ढंग से आगाज किया गया और महोत्सव का





आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। पहले दिन 9 फरवरी को मोदी ग्राउंड में हाट एयर बैलून के जरिए लोगों को आसमान की सैर कराकर शहर का नजारा दिखाया गया। अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने हाट एयर बैलून की सवारी कर इसका आनंद लिया। वहीं कीरतसागर तट पर योगा का आयोजन किया गया और यहां भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सूर्य मंदिर व खखरामठ में हेरीटेज वाक हुआ और कीरतसागर वोट क्लब में वाटर स्पोर्टस बोट का लोगों ने आनंद लिया। वहीं शाम को शहर के डाकबंगला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें नवल किशोर एंड ग्रुप ने बधाई लोक नृत्य की प्रस्तुति की और मनीषा यादव लखनऊ ने भी लोकनृत्य से समां बाधा।

आल्हा सम्राट रायबरेली के रामरथ पांडेय ने आल्हा सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बता दें कि जिले में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का दो दिन का आयोजन है और इसका 10 फरवरी को समापन होगा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भागीदारी की और इसका लुत्फ उठाया।

# डंफर -बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

कोतवाली चरखारी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जतौरा- रिवई रोड़ के पास चरखारी मुस्करा मार्ग पर बीती शाम लगभग 7:30 बजे सड़क पर खड़े डंफर में बाइक सवार संदीप राजपूत उम्र 26 वर्ष अपने जीजा दिनेश राजपूत ने खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनों की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई

गौरतलब है कि थाना पनवाड़ी के ग्राम दादरी निवासी गुमान सिंह की पुत्री की शादी 11 मार्च को है शादी का



कार्ड बाँटने के लिए गुरुवार की रात्रि खरेला जा रहे थे परन्तु जतौरा मोड़ के पास पहले से खड़े डंपर से टकरा गये जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस

**प्रशासन की लापरवाही हुई उजागर**

बताते चलें कि इस घटना के एक दिन पूर्व एक बाइक सवार की इसी डंपर से टकराने से मौत हो गई थी परन्तु प्रशासन ने वाहन को सड़क से नहीं हटवाया जिससे अगले दिन दूसरी घटना घटित हो गई है

क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनो शवों को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चरखारी लाया गया आज पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव विच्छेदन गृह महोबा भेज दिया है।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की जमीन पर कब्जे को लेकर नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

**इटावा।** भाजपा भूत अध्यक्ष की जमीन पर कब्जे को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश के चलते नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष अमित तिवारी की जमीन पर जिला बदर माफिया जिसके ऊपर कई बार जिला प्रशासन ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है वह भाजपा बूथ अध्यक्ष की जमीन पर न्यायालय के आदेश के बावजूद जबरन कब्जा कर रहा है कब्जे के विरोध में जिला जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी से इस पर नाराजगी व्यक्त की थी तब जाकर जिला प्रशासन ने अवैध कब्जे पर निर्माण कार्य रुकवाया था निर्माण का रुकने के बावजूद भी ग्राम प्रधान रात में चोरी छुपे निर्माण कार्य करने में जुटा है जिसके चलते भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त था जिसकी जानकारी जिला अध्यक्ष, सदर विधायक एवं सांसद को दे दी गई है। इसी संदर्भ में जिलाधिकारी से एक प्रतिनिधिमंडल मिला और बूथ अध्यक्ष की जमीन को कब्जा मुक्त करने का प्रार्थना पत्र सोपा। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता ओम रतन कश्यप, शहर मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश कौशिक, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मंत्री प्रशांत दीक्षित, अंकुल चौहान, रोहित पटेल, मीडिया प्रभारी अमित वर्मा, एकलव्य भदोरिया, अक्षय बाजपेई, प्रमोद राठौड़, व्यापारी नेता भारतेंदु भारद्वाज, ध्रुव श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष संतोष तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**केंद्रीय विद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

महोबा, समृद्धि न्यूज।

महोबा के केंद्रीय विद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया जिसकी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिला नशा मुक्ति केंद्र महोबा द्वारा यह आयोजन संपन्न कराया गया है। जिला नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्साअधिकारी डॉक्टर तनवीर कौशर ने छात्रों को नशा मुक्त रहने की अपील की तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि नशे का प्रभाव आजकल युवा पीढ़ी में सबसे तेजी से दौड़ रहा है युवा नशे से दूर रहे क्योंकि नशा नस्ल ही खत्म कर देता है इसी क्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर तहसीम अहमद, काउंसलर नीलू चतुर्वेदी ने भी नशा मुक्ति व समाज को नशा रूपी अभिशाप से दूर रहने की अपील की छात्रों के बीच पहुंचकर छात्रों को शपथ भी दिलाई गई कि वह नशे से दूर रहें छात्रों को कहा गया कि आप नशे से दूर रहेंगे तो लंबी उम्र के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य भी आपका बना रहेगा। नशे की लत लग जाने से परिवार ही नहीं परिवार के साथ-साथ कई जिंदगियां भी तबाह और बर्बाद हो जाती हैं।इसी क्रम में जिला नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तनवीर कौशर, प्रोजेक्ट मैनेजर तहसीमअहमद, काउंसलर नीलू चतुर्वेदी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना चतुर्वेदी व मधुकर सिंह आदि उपस्थित रहे केंद्रीय विद्यालय महोबा की तरफ से प्रधानाचार्य राजकुमारी मोहिनी आदि उपस्थित रहे।

## देवगांव चौराहा में आए दिन जाम से परेशान लोग



**सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग के अतिक्रमण के चलते देवगांव चौराहा में दिनभर लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ता है। कस्बे के बांदा मार्ग में देवगांव चौराहा के समीप कई शिक्षण संस्थान संचालित है। बस स्टॉप से लेकर देवगांव चौराहा तक अतिक्रमण के चलते आए दिन लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ता है। देवगांव चौराहा से पुलिस के नदारत रहने से भी लोगों को दिक्कत होती है। शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे यहां पर ऐसा ही नजारा था। पत्योरा मोरम खदान से मोरंग लादकर आ रहे ट्रक के फस जाने से यहां भीषण जाम लग गया। इससे स्टेशन आने वाले लोगों के अलावा बांदा की तरफ जाने वाले तमाम वाहन घंटों जाम के झाम से जूझते नजर आए बाद में किसी तरह चालक की सूझबूझ से फंसा ट्रक निकाला गया तब कहीं जाम से निजात मिल सका।

# बिजली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भेजा ज्ञापन



हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

बिजली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर कुछेछा यूनिवर्सिटी के छात्रों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को सौपा है। जिसमे उन्होंने जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा के पूर्व छात्र अभय प्रताप सिंह ने शासन को भेजे ज्ञापन में कहा कि कुछेछा यूनिवर्सिटी जनपद की पुरानी व बहुप्रतिष्ठित है। यह अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण सदैव से ही अत्यन्त महत्वपूर्ण महाविद्यालय रहा है। किन्तु दशकों से इस महाविद्यालय परिषर व इसके भवन की मरम्मत ठीक प्रकार से समय-समय पर देख-रेख नही हुयी है जिसक कारण महाविद्यालय की बिल्डिंग अनेको जगहों से दरार खाई हुयी है, पूरी बिल्डिंग में वर्षा व अन्य मौसमों में शीत हो जाती है। कहा कि इसी प्रकार यही स्थिति बनी रही तो महाविद्यालय में कभी भी कोई भी बड़ी अनहोनी घटित होने की सम्भावना गम्भीर व गहरी हो जायेगी।

बताया कि यहां लोगो द्वारा बड़ी तादात में अन्ना मवेशी जानवर जब चाहे बांधे व चराये जा रहे है।महाविद्यालय में पानी की टंकी व ट्यूबवेल होने के बावजूद परिषर में पीने का पानी व समुचित बिजली की व्यवस्था नही है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बिल्डिंग की जर्जता, चहारदीवारी व मुख्य द्वार व पानी तथा बिजली की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

# हल्द्वानी की घटना को लेकर कस्बे में अलर्ट

मौदहा, समृद्धि न्यूज।

उत्तराखंड में धामी सरकार के आदेश पर ध्वस्त किए गए अवैध मदरसे और उसके बाद हुई हिंसा और उसके बाद बरेली में मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी देने की बात पर कस्बे सहित जनपद में अलर्ट रहा और शुक्रवार की नमाज के पहले कस्बे की मुख्य सड़कों और मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात कर दिया गया था वहीं शाम में एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर ने कस्बे में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च किया।

शुक्रवार शाम एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर ने कस्बे में कोतवाली चौराहे से देवी चौराहे तक फ्लैगमार्च किया। और लोगों को सुरक्षा



का भरोसा दिलाते हुए लोगों से बात की, इतना ही नहीं कस्बे के देवी चौराहे पर एक पुलिस चौकी बनाने की बात भी कही जिसके लिए उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा से जमीन तलाश करने की बात कही।उसके बाद एडीजी जोन पारा गांव में हुए दोहरे हत्याकांड की जांच के लिए पारा चले गए।

बताते चलें कि बीते दिनों उत्तराखंड की धामी सरकार के आदेश पर हल्द्वानी में चल रहे अवैध मदरसे पर कार्यवाही की गई थी जिसके बाद वहां पर छिटपुट हिंसा भी हुई है।और उसके बाद बरेली के मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना तौकीर रजा के गिरफ्तारी देने की बात कहने और जुमे की नमाज़ को लेकर कस्बे सहित जिले में पुलिस अलर्ट मोड पर रही है और मुख्य सड़कों, चौराहों और मस्जिदों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सपा शहर कमेटी : अब्दुल

**सपा की शहर कार्यकारिणी हुई घोषित**

इटावा, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी शहर कार्यकारिणी गठित की गई। इसकी घोषणा सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इटावा सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव का फूल मालाओ से स्वागत किया गया। अध्यक्षता नफीसुल हसन अंसारी ने व संचालन जिला मीडिया प्रभारी मयंक




विधौलिया ने किया।

नगर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी अब्दुल ने शहर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सभासद रामऔतार दिवाकर, रामप्रकाश वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शैलेन्द्र चतुर्वेदी, मुकेश गुप्ता, डा. दिलीप राय, गोरखनाथ वर्मा, रिषभ यादव को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

महासचिव महेन्द्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष आशीष कश्यप, मीडिया प्रभारी अली कैफी को बनाया वहीं असद हुसैन, मु. दिलशाद, मुकेश बाथम, आशीष यादव, मु. अख्तर, मु. असलम, अनुज यादव, चौधरी सचिन अग्रवाल, अतुल वर्मा, दीपक दिवाकर, मु. राशिद, सलीम अंसारी, रामनरेश यादव, अवनीश दोहरे को शहर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। शहर कार्यकारिणी के सदस्य निहाल अली, अंकित यादव, मु. ताहिर, मु. मूनिस, उत्तम सिंह, मु. जहीर पिन्नक, मु. इकबाल, आशू कठेरिया, उमेश चन्द्र, आसिफ मेव, मु. बाकिर, मु. इरशाद, आशीष यादव, दीपक पोरवाल, राशिद वारसी राजा, अमोल यादव, प्रिंस यादव बने। इस दौरान शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी अब्दुल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शहर कार्यकारिणी पूरी ताकत से आगामी लोकसभा चुनाव जिताने का कार्य करेगी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू आदि तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# 12 फरवरी से शुरू होगी भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

ग्राम परिक्रमा यात्रा को लेकर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला पंचायत के रानी झलकारीबाई सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत वृहद उद्घाटन डिजिटल माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर द्वारा मुस्करा ब्लॉक प्रांगण से 12 फरवरी को प्रातः 11 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय संसद पुष्पेंद्र चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, सदर विधायक मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के 2000 किसान भाई एवं समस्त पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारम्भ गौ, हल, ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों का पूजन करके किया जाएगा। यात्रा के माध्यम से गांव में किसान मजदूर चौपाल लगाकर पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के किसान हितैषी गारेंटेड योजनाओं पर चर्चा होगी। किसानों से स्थानीय समस्याएं एवं आकांक्षाएं जानी जाएंगी। उनके समाधान संबंधित सुझाव भी लिए जाएंगे। इसके साथ ही डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा। यह यात्रा जिले में प्रतिदिन 5 गांवों में आयोजित की जाएगी। डोर-टू-डोर अभियान के दौरान सरपंचों, पूर्व सैनिकों, धार्मिक गुरुओं, स्थानीय डॉक्टरों, सेवानिवृत्त, सरकारी कर्मचारियों, कृषि व्यापारियों, एफपीओ प्रमुख, प्रगतिशील किसानों, जैविक खेती करने वाले किसानों से संपर्क किया जाएगा और उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा।

प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिलाउपाध्यक्ष व किसान मोर्चा प्रभारी किशन व्यास जी, जिलाउपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू, नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य, भाकिमो जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, जिलामहामंत्री उत्कर्ष पांडेय, भाकिमो जिला उपाध्यक्ष इंद्रप्रकाश बाजपेई, जिला मंत्री शिव किशोर, मंडल मंत्री करण साहू, भाकिमो नगर अध्यक्ष प्रेम द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

> कार्यालयों में हो साफ सफाई ,फाइलों का करे बेहतर रखरखाव: डीएम



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**शासन के** मंशानुरूप सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता हो एवं आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो इसके लिए डीएम अरविंद सिंह द्वारा बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने नदारत 02 कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी समय से दफ्तर पहुंचे एवं अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक का नाम एवं सौप गए कार्यो की सूची कक्ष के बाहर चस्पा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने फाइलों का बेहतर रखरखाव एवं पत्रावलियों पर नंबरिंग किए जाने,कार्यालय में समुचित साफ सफाई एवं स्वच्छता रखे जाने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में खाद्यान्न एवं स्टेशनरी की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने,सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समस्त प्रकार के एरियर, वेतन एवं अन्य देयको का निस्तारण पारदर्शिता के साथ ससमय किए जाने का निर्देश दिया। समस्त दिव्यांग छात्रों के स्टाइपेंड, विभिन्न प्रकार के कैंपों का आयोजन व विद्यालय में कार्यरत नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण का ससमय पूर्ण कराए जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बीएसए कार्यालय परिसर में नीति आयोग के सहयोग से निर्मित अकादमिक रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। एकेडमिक रिसर्च सेंटर में लगे प्रोजेक्ट एवं अन्य उपकरणों में पाई गई कमियों को कार्यदाई संस्था से दूर कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बीएसए व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम ने शहरी क्षेत्र बलरामपुर में पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बलरामपुर।** नगर पालिका में नए पाइप पेयजल परियोजना का कार्य प्रारंभ होने वाला है, जिससे शहरी क्षेत्र के 16 हजार से अधिक परिवार को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति से लाभान्वित होंगे। डीएम अरविंद सिंह द्वारा नई पाइप पेयजल परियोजना के ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को सॉइल टेस्टिंग आदि का कार्य पूर्ण कराते हुए शीघ्र प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया। पाइपलाइन बिछाने के कार्य का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर ले जाने का निर्देश दिया। नई पाइप पेयजल परियोजना में 600 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा। पेयजल परियोजना से बलरामपुर नगर पालिका की 96 हजार से अधिक की बड़ी आबादी एवं 16 हजार से अधिक परिवार को स्वच्छ जल की आपूर्ति से लाभान्वित किया जाएगा।

# नारी सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं के बीच स्मार्टफोन वितरण बड़ा कदम: विनय

> छात्राओं के बीच नपाध्यक्ष ने बांटा स्मार्ट फोन

**कुशीनगर। समृद्धि न्यूज**




**शासन** द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी डिजी शक्ति योजना के तहत आज विधानसभा क्षेत्र पडरौना के परगन मठिया ग्राम सभा स्थित रजली देवी महाविद्यालय में स्मार्टफोन का वितरण हुआ । नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने छात्राओं के बीच स्मार्टफोन वितरित करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सरकार द्वारा उठाया गया बड़ा कदम बताया। सूचना के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान 87 छात्राओं में स्मार्टफोन वितरण किया गया । तत्पश्चात उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का बड़ा कदम बताते हुए कहा कि आज उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज डिजिटल राज्य बनने की ओर अग्रसर है । डिजी शक्ति योजना को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का ही विस्तृत रूप बताते हुए उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से उत्तरप्रदेश अब देश का प्रमुख अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है । सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक तकनीक से युक्त प्रदेश अब रक्षा क्षेत्र में भी विनिर्माण कर रहा है, साथ ही हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थानों के अलावा डिजिटल क्रांति में भी कदम आगे बढ़ा रहा है। आने वाले दिनों में अन्य छात्राओं को भी स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण की जानकारी मीडिया के माध्यम से उन्होंने सभी को दी। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, पिपरा मण्डल के भाजपा अध्यक्ष महेश रौनियार, सन्तोष मिश्र, शुभम सिंह के अलावा विद्यालय की छात्राएं सहित शिक्षक गण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसान यूनियन ने बीडीओ को सौपा ज्ञापन



**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर।** स्थानीय विकास श्रीदत्तगंज में भारतीय किसान यूनियन क्रांति दल के अगुवाई में विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में किसान यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया एवं खण्ड विकास अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी को सौपा। भारतीय किसान यूनियन क्रान्ति दल के जिला अध्यक्ष खलील शाह के नेतृत्व में श्रीदत्तगंज ब्लाक परिसर में किसानों एवं यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया तथा 5 सूत्रीय ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी यू के सिंह को सौंपा। किसान यूनियन क्रांति दल के जिला अध्यक्ष खलील शाह ने बताया कि विकास खंड के चँवई में बनवारीलाल के घर के पास मार्का इंडिया नल काफी दिनों से खराब है उसका रिबोर कराया जाय। ग्राम विश्वम्भर पुर निवासी राम दास का घर छप्पर का बना है उन्हें पक्का मकान दिलाया जाय। रामपुर बगनहा निवासी जनकराम पुत्र रामतीरथ का घर अग्निकांड में जलकर राख हो गया था जिसकी छति पूर्ति दिलाया जाय । परिवार रजिस्टर में जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनका नाम दर्ज किया जाय। राम किशुनडीह में जगराम के घर के पास लगे इण्डिया मार्का नल की मरम्मत कराया जाय परिवार रजिस्टर का नकल लेने पर मृत्यु व्यक्तियों का नाम रजिस्टर में अंकित न करने से शासकीय कार्यो में अड़चन होता है उसका सुधार किया जाय एवं खुले जमीन पर रखे विद्युति ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था कराया जाय जैसे कई मांगे यूनियन के पदाधिकारियों ने रखा एवं निस्तारण की मांग की ।इस अवसर पर बड़े लाल पाण्डेय,रवि प्रताप ,बच्छराज, रामदास,सालिक राम,राजिंदर,विनोद,दुःखी प्रसाद, अजय वर्मा राम उजागर,संजय यादव सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में एमएमएमई कार्यक्रम का आयोजन

**श्रीदत्तगंज(बलरामपुर)।** एमएमएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज भारत सरकार एमएसएमई द्वारा बीते शुक्रवार को ब्लॉक श्रीदत्तगंज में बौद्धिक सम्पदा अधिकार योजना के तहत कार्ययोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सभी अतिथियों को साल देकर स्वागत किया गया। एम के खरे सहायक निदेशक एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवं उद्यमियों का स्वागत किया तथा बौद्धिक सम्पदा स्कीम की सुविधा को लेकर सभी उद्यमियों को अपना नाम बहाने के लिए कहा। आर के पाण्डेय, उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, बलरामपुर विभागीय कीम के बारे में विस्तार से बताया। राजीव सक्सेना, डीजीईओकेबीवी रामपुर विभागीय के बारे में विस्तार से बताया। अंकित गुमा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इण्डियन बैंक बलरामपुर ने बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। खण्ड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज संजय कुमार ने सभी अतिथियो एवं उद्यमियों का स्वागत किया। गिरीश पाठक, डी डी ओ जिला बलरामपुर सभी का स्वागत करते हुए एमएमएमई विभाग को धन्यवाद देते हुए सभी को आगे बढ़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एल बी एम यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज ने मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं प्रकाश डाला एवं लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सम्पदा अधिकार योजना के बारे में वैभव खरे, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, प्रयागराज ने विस्तृत जानकारी दी। वैभव खरे, सहायक निदेशक, एमएमएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज ने विस्तृत जानकारी दी। एम के राजन, महावर निदेशक एमएमएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कार्यक्रम के अन्त में सभी अतिथियों एवं उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 90उद्यमियों ने भाग लिया।

### समाजसेवी ऐमन रिजवी ने नगर पालिका परिषद उतरौला में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्र



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर पालिका परिषद उतरौला में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को समाजसेवी ऐमन रिजवी ने उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार को मांग पत्र सौंपा। ऐमन रिज़वी ने आरोप लगाया है कि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला में भ्रष्टाचार व्याप्त है। नगर पालिका के बाबू द्वारा अलाव के नाम पर अत्यंत घटिया व गीली लकड़ी जलाकर सूखी लकड़ी का भुगतान कर दिया है। लाभ लेने के चक्कर में लगभग 75 लाख की ट्रैक्टर ट्राली एवं 1500 कंबल अपने खास लोगों से खरीदारी करवा कर घोर अनियमितता बरती गई है। चहेते ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने के लिए कई करोड़ का टेंडर राष्ट्रीय अखबार में गजट ना करा कर अपने साथ गांठ के अखबार में निकलवा दिया जाता है। जिसकी प्रसार संख्या न के बराबर है। जिससे राजस्व की काफी हानि होती है। वर्क आर्डर के नाम पर लाभ लेकर नगर पालिका के एक बाबू द्वारा गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। उपरोक्त प्रकरणों की जांच करना नितांत आवश्यक है।

### पति की हत्या के आरोप में पत्नी गिरफ्तार

**म्योरपुर** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुपाचुआं गांव में पति की हत्या के मामले में पत्नी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार न्यायालय भेज दिया। अभियुक्त फूलमती पत्नी रामकिशुन गोंड़ निवासी ग्राम पंचायत सुपाचुआं को शुक्रवार की सुबह नया टोला की पास स्थित भूकु पहाड़ी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आईपीसी की धारा 304 के तहत न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में म्योरपुर थाना निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह, उप निरीक्षक कुंवर सिंह लिलासी पुलिस चौकी, पंकज कुमार, महिला कांस्टेबल आलोप रानी, सुधाकर सिंह शामिल रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव चलो अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक

**कोन।** स्थानीय ब्लॉक के अंतर्गत शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा गांव चलो अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया इन दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में भ्रमण कर हर घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर भाजपा के महत्वाकांक्षी कार्यों के बारे मेंजानकारी दे रहे हैं जिस क्रम में कोन किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय कुमार कनौजिया ने जनसंपर्क करते हुए बूथ संख्या 350 ग्राम खरौन्धी टोला बोदार में लोगों को जागरूक किया उनके साथ सेक्टर संयोजक वीरेंद्र गुप्ता कृष्ण गुप्ता एवं अध्यक्ष लखन लाल गुप्ता आनंद गुप्ता एवं खरौन्धी ग्राम प्रधान प्रतिनिधी कमलेश मौजूद रहे ।

# बीडीओ ने गौशाला व निर्माणाधीन मॉडल शॉप दुकानों का किया निरीक्षण

> गौशालाओं के संचालन में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**





**खंड** विकास अधिकारी कोंच मानू लाल यादव ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर गौशाला सहित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसीक्रम में नदीगांव बीडीओ विपिन कुमार ने खकसीस में राशन की दुकान व धौरपुर में गौशाला का निरीक्षण किया साफ सफाई के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम भदेवरा व चंदुर्रा में पहुंचकर गौशाला का निरीक्षण करते हुए वहाँ एकत्रित किए गए गौवंशों की संख्या, उनकी जियो टेकिंग के बारे में जानकारी ली और गौवंशों हेतु भूसा-चारा, पानी की व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि बीमार गौवंशों का तत्काल इलाज कराने की व्यवस्था की जाये और साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। गौ वंशों को सुरक्षित रखने के लिए इन्हें बाहर न निकाला जाये। वहीं ग्राम भदेवरा सहित घुसिया, पनयारा, पिंडारी में निर्माणाधीन मॉडल उचित दर की दुकानों का निरीक्षण करते हुए खंड विकास अधिकारी ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान एडीओ नरेश चंद्र द्विवेदी, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी प्रकार से नदीगांव बीडीओ विपिल कुमार ने ग्राम खकसीस में राशन की दुकान व धौरपुर में गौशाला का निरीक्षण किया साफ सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान उन्होंने किया कि गौशालाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जो भी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन ठीक से करता नहीं पाया जायेगा उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अधिकार सम्मान सुरक्षा के संबंध में विधान परिषद में उठाए गए सवाल

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय** मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव पांडेय ने कहा कि भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक एके बिंदुसार के दिशा निर्देशन में पत्रकार समुदाय एवं भारतीय मीडिया फाउंडेशन के द्वारा समाजवादी पार्टी के एमएलसी आशुतोष सिन्हा द्वारा पत्रकारों के अधिकार सम्मान सुरक्षा के संदर्भ में विधान परिषद में उठाए गए मुद्दों को अपना समर्थन देते हुए विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा का सम्मान समारोह आयोजित करके बृहद रूप से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस जोरदार तरीके से विधान परिषद सदस्य महोदय ने सदन के अंदर पत्रकारों के संवैधानिक अधिकारों एवं उनके सशक्तिकरण के मुद्दों को उठाया है यह एक ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी पत्रकारों का संवैधानिक अधिकार नहीं मिला भारतीय मीडिया फाउंडेशन एवं ए.के बिंदुसार के नेतृत्व में मीडिया पालिका की स्थापना किए जाने मीडिया कल्याण बोर्ड की स्थापना किए जाने,पत्रकार सुरक्षा अधिनियम को लागू किए जाने, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह सुरक्षा भत्ता दिए जाने, टोल प्लाजा पर उनके टोल टैक्स की माफी के सवाल पर , पत्रकारों को विभिन्न तरह की सुविधाओं को दिलाने के सवाल पर जैसे बीमा ,आवास की सुविधा इत्यादि, प्रदीप जनपद मुख्यालय पर मीडिया सेंटर की स्थापना करने, स्नातक एवं शिक्षक विधायकों की तरह जर्नलिस्ट विधायकों का कोटा फिक्स करने आदि विभिन्न मांगों को लेकर लगातार संघर्ष किया जा रहा था इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के माननीय विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा द्वारा विधान परिषद के सत्र के दौरान जोरदार तरीके से पत्रकारों के हितों की आवाज उठाई गई यह एक ऐतिहासिक कदम है हम सभी पत्रकार बंधु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उन्हें तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं एवं उनका अभिनंदन करते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय मीडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में एक वृहद सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें माननीय विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करके उनका जोरदार सम्मान समारोह किया जाएगा।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र रंजीत के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं है।

**रनवीर सिंह पुत्र माखन सिंह निवासी मोहल्ल सिविल लाइन मड़ैया फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**


# डीएम, एसपी ने नमाज से पूर्व नगर में पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिया आश्वासन

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**



**उत्तराखंड के** हल्द्वानी में गुरुवार को हुई घटना को लेकर प्रशासन सतर्क है। डीएम व एसपी ने जुमे की नमाज से पूर्व नगर में पैदल मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का आश्वासन दिया।

उत्तराखंड के हलद्वानी में गुरूवार को माहौल खराब हो गया था। जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया। शुक्रवार को जुमे का दिन था। इसको लेकर कहीं किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था को लेकर खतरा न हो इसके लिए जुमे की नमाज से पूर्व डीएम राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ. ईराज राजा नगर में पहुंचे। डीएम व एसपी के नेतृत्व में एसडीएम सुशील कुमार, सीओ रामसिंह व कोतवाल विमलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर उतरे और पैदल गश्त किया। नगर के विभिन्न मार्गो से होकर सभी अधिकारी नगर की प्रमुख तकिया मैदान पर पहुंचे। जहां उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं से बातचीत की तथा नगर की गंगा जमुनी संस्कृति पर चर्चा की। इस दौरान शहर काजी मौलाना साबिर ने नगर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। नगर की आवोहवा को किसी तरह खराब न होने दे। आपसी सौहार्द व भाईचारे के माहौल को कायम रखे। अधिकारियों ने नगर की मस्जिदों में होने वाले जुमे के नमाज और समय की जानकारी ली। साथ ही नगरवासियों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। कहा कि कोई समस्या होने पर तत्काल पुलिस की सहायता लें। यदि किसी ने नगर का माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### यातायात पुलिस नहीं होमगार्ड के जवान के सहारे यातायात व्यवस्था

**उतरौला(बलरामपुर)।** जनपद की सबसे पुरानी तहसील उतरौला होने पर इसके थाने पर यातायात पुलिस की तैनाती नहीं है। शासन ने प्रदेश में यातायात सप्ताह मना रही है उसके बाद भी एक भी यातायात पुलिस की तैनाती उतरौला में नहीं हो पाई है।

उतरौला जनपद का प्रमुख व्यापारिक स्थल होने के साथ आसाम रोड दिल्ली मार्ग से जुड़ा होने से दूर दराज राज्यों के भारी वाहन, टक, निजी बस समेत विभिन्न प्रकार के वाहन आते जाते हैं। भारी वाहनों की भीड़ होने से अक्सर वाहनों की दुर्घटनाएं होती रहती है। उसके बाद भी पुलिस प्रशासन ने इस क्षेत्र में यातायात पुलिस की तैनाती नहीं की है। वर्तमान समय में यातायात विभाग प्रदेश भर में यातायात सप्ताह मना रहा है।? उसके बाद भी उतरौला में यातायात पुलिस की तैनाती नहीं है। इस शहर की यातायात व्यवस्था सिविल पुलिस अथवा होमगार्ड के जवान सम्भाल रखी है।


**कार्यालय ग्रा0पं0 रमापुर जसू वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वितीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 09/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रमापुर जसू द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/02/2024 से 17/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अरुण के घर से सुभाष के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 220347 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सीसी रोड से अरुण के घर तक मिटटी इंटरलॉकिंग व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 313697 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | पृथ्वीराज की जगह से पेशकार के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 398838 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (अनुज प्रताप) ग्रा0पं0 रमापुर जसू, शमशाबाद सचिव (अरुण यादव)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 पसियापुर वि0ख0 शमशाबाद फर्रु0**

पत्रांक -मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/ कार्य/टेण्डर दिनांक 09/02/2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत पसियापुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/02/2024 से 17/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धर्मेन्द्र पुत्र रामदुलारे का कैटल शेड निर्माण कार्य | पसियापुर | समस्त सामग्री स्टीमेट अनुसार | 1.49 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | आजाद पुत्र तिकमान // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |
| 3 | कल्यान पुत्र रघुवीर // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |
| 4 | कुमरपाल पुत्र परसादीलाल // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |
| 5 | विजय सिंह पुत्र अतर सिंह // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |
| 6 | बहादुर पुत्र गंगाराम // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |
| 7 | राजन पुत्र रामशरन // // // // // | // | // | 1.49 | // | 500 |

**नियम व शर्ते-** 1-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पेनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 2-सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 3- निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान (नरसिंह) ग्राम पसियापुर, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (अरुण यादव)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 खुड़ना धमगवां वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवें वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ टेण्डर प्रकाशन वितीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 09/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवों वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुड़ना धमगवां द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/02/2024 से 15/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर के गेट से सुभाष के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 498000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | महेन्द्र के घर से सुरेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 497500 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | बब्लू के घर से चन्दकिशोर के घर तक नाली व क्रास निर्माण कार्य | 185000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रामऔतार के घर से अशोक के घर तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य | 215500 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | मुकेश के घर से राजू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 385000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6 | सूरज पाल के घर से मनोज के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 398400 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7 | गुड्डू के घर से साहमत के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 338000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8 | मंदिर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 331000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 9 | इन्द्रदेव के घर से राजपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 215800 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सुधीर कुमार) ग्रा0पं0 खुड़ना धमगवां, शमशाबाद सचिव (विवेक कुमार)**


**उद्घाटन** | अयोध्या पहुंचे महानायक अमिताभ बच्चन ने रामलला के दरबार में टेका माथा,कल्याण ज्वेलरी शोरूम का किया उद्घाटन

# अवधी कहावत से मंत्रमुग्ध कर गया गंगा किनारे वाला छोरा

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**




**बीती 22** जनवरी को संपन्न हुए भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अपनी हाजिरी लगाने के बाद शुक्रवार को एक बार फिर सदी के महानायक कहे जाने वाले फिल्म जगत के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन अयोध्या पहुंचे।इस बार श्री बच्चन का कार्यक्रम कुल मिलाकर धार्मिक,व्यवसायिक और सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा।ये तीनों सरोकार एक साथ इसलिए नजर आए क्योंकि श्री बच्चन ने अयोध्या पहुंचते ही भगवान श्री रामलला के दरबार में माथा टेका और उसके बाद देश के नामी गिरामी ज्वेलरी प्रतिष्ठान कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का उद्घाटन किया।उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने जिन भी पहलुओं पर चर्चा की,वे सामाजिक सरोकारों से जुड़े पहलू थे,इसलिए उनके कार्यक्रम को इन तीनों सरोकार से जोड़कर देखा जा रहा है।श्री बच्चन के कार्यक्रम को देखते हुए शहर की सीमा से लेकर रामनगरी के अंतिम छोर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।शुक्रवार की पूर्वाह्न अयोध्या पहुंचने के बाद फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन सीधे श्री जन्मभूमि गये और भगवान श्री रामलला के दरबार मे माथा टेका।यहां भगवान श्री राम लला के प्रधान अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने श्री बच्चन को माला,फूल और प्रसाद देकर उनका सत्कार किया।दर्शन पूजन करने के बाद अपने अगले कार्यक्रम में श्री बच्चन सिविल लाइन्स स्थित नामी गिरामी ज्वेलरी प्रतिष्ठान कल्याण ज्वेलर्स का उद्घाटन करने पहुंचे।कार्यक्रम के दौरान महानायक श्री बच्चन ने कहा कि बीती 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मैं शामिल हुआ और आज भी अयोध्या पहुंच कर राम लला का दर्शन किया,अब तो अयोध्या आना जाना लगा ही रहेगा।श्री बच्चन की इस टिप्पणी को उनके द्वारा लोढ़ा ग्रुप से अयोध्या में जमीन लेने को जोड़कर देखा जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पुरानी बातों को ताजा करते हुए श्री बच्चन ने कहा कि जब मैं कहीं जाता हूं तो लोग कहते हैं आप मुंबई रहते हैं यहां आना जाना नहीं होगा,कैसे आपके साथ ताल्लुक बढ़ाया जाएगा?इसके जवाब में उन्होंने अपने पिता स्व.हरिबंशराय बच्चन की कही एक अवधी कहावत कि ÷हाथी घूमै गांव गांव,जेकर हांथी वही कै नांव÷ सुनाकर कहा कि क्योंकि हमारी पैदाइश इलाहाबाद की है,हम दिल्ली रहे,कोलकाता रहे,मुंबई रहे।मसलन यह सच है कि हम इलाहाबाद में रहे, कोलकाता में रहे,दिल्ली में रहे और मुंबई में रहे लेकिन जहां कहीं भी रहे,कहलाए गए छोरा गंगा किनारे वाला।इस दौरान उनके साथ कल्याण ज्वेलर्स प्रतिष्ठान से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# शर्मा, विश्वकर्मा व मैथिल समाज सम्मेलन में उमड़े सपाई

- सपा नेताओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर पहनाई पचास किलो की माला

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भाजपा** सरकार में लगातार महंगाई, गरीबी एवं बेरोज़गारी बढ़ी है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिली। किसानों की आय दुगुनी नहीं हुई। किसान बर्बाद हो गया। देश की पूंजी चन्द पूंजीपतियों के हाथ में सिमट गयी है। देश गरीब किसान मजदूर नौजवान पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पूरी तरह बर्बाद हो गया। यही देश की पचासी प्रतिशत आबादी ही पीडीए है। जिसमें सभी शामिल हैं। जिनको मजबूत करने की बात सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करते हैं। जब तक पीडीए मजबूत नहीं होगा तब तक देश मजबूत नहीं हो सकता। यह बात शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में सपा राष्ट्रीय सचिव/पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा नें कही। कहा कि समाजवादी नीतियां ही पिछड़ों और दलितों को उनका अधिकार दिला सकती है और उन्हें सत्ता तक ले जा सकती है। सभी को समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा तब आपका भला होगा। इससे पहले विश्वकर्मा ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा नें पचास किलो की माला पहनाकर पूर्व मंत्री का स्वागत किया। वहीं शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव ने अम्बेडकर छायाचित्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत शर्मा तथा संचालन देवेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक अरविंद यादव, महासभा के प्रदेश महामंत्री बंटी शर्मा, मेजर दयाल शर्मा, भारत शर्मा, गोविंद शर्मा, पंकज दयाल शर्मा, अमित कुमार शर्मा, नीरज शर्मा, राजेश शर्मा चेयरमैन तालग्राम, रामसेवक बाथम, मनी गुप्ता, मोहसिन खान, राम लड़ैते शर्मा, मोहित पाठक, रामविलास शर्मा, गिरजा शंकर शर्मा, गौरव शर्मा, हरिमोहन शर्मा, अवनीश शर्मा, रामदास शर्मा, डा0 निगम शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, प्रेम चन्द शर्मा, संजय शर्मा, हिमांशु शर्मा आदि ने सम्बोधित किया।



पूर्व मंत्री को पचास किलो माला पहनाते व स्मृति चिन्ह देते सपाई — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने ड्रोन कैमरा से की नगर की हवाई निगरानी



- सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालनें पर होगी कार्रवाई: जेपी शर्मा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार रात उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा के बाद जहां एकओर प्रदेश के जिलों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें नगर में ड्रोन उड़ाकर निगरानी की। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें नगर के संदिग्ध स्थानो पर ड्रोन कैमरे से निगरानी अभियान चलानें के उपरान्त बताया कि ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस अराजक तत्वों की लोकेशन देखने के बाद घेरा बंदीकर छापा मारेगी। साथ ही बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने और आपत्तिजनक पोस्ट लिखने वालों पर भी सख्त कार्रवाई के आदेश हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, कोतवाल द्वितीय जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, कांस्टेबल विनय कुमार, विनीत चौधरी, जितेंद्र बघेल, गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार, अमन सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# आईजी ने कोतवाली का निरीक्षण कर परखी हकीकत

- कार्यालयों का बारीकी से निरीक्षण कर वाहनों की नीलामी के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय कोतवाली** पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार नें निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली परिसर का स्थालीय निरीक्षण कर कोतवाली में खडे माल मुकदमाती वाहनों की नीलामी कराये जानें के लिये निर्देशित किया।

शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार नें कोतवाली के मुंशी कार्यालय के अभिलेखों, जीडी सहित सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मालखाना का बारीकी से निरीक्षण करते हुये जन शिकायतो के निस्तारण की स्थिति, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतो की स्थिति, महिला उत्पीडन से सम्बंधित दर्ज मुकदमो की स्थिति एवं माल निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा कर सम्बंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद कोतवाली में बने आवासों का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाये रखनें के निर्देश भी दिए। इस दौरान कोतवाल द्वितीय जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, जसोदा चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह, उप निरीक्षक चन्द्रभान सिंह, राजेश प्रताप सिंह, आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा, रावेन्द्र सिंह, आरएस वर्मा सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



कोतवाली का निरीक्षण करते आईजी — समृद्धि न्यूज

# किसानों का हित सर्वोपरिः पूर्व विधायक



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**श्री कप्तान** सिंह कोल्ड स्टोरेज शुभ मुहूर्त हुआ हवन पूजन करके पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने शुरुआत की पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि आप लोगों ने जो पैकेट नहीं छुड़ाए थे उनका भाड़ा माफ और किसानों को हर प्रकार की सुविधा मिलेगी कोई किसान अगर परेशान किया जाए तो कर्मचारी द्वारा तो हर किसान के पास हमारा नंबर है हमें तुरंत फोन करें उनकी समस्या तुरंत सल्यूशन की जाएगी और आप लोगों कोई कोल्ड अन्य प्रकार की सुविधा देता है उनसे ज्यादा हम सुविधा देंगे अगर किसी किसान भाई को किसी कर्मचारी ने परेशान किया तो उस कर्मचारियों की खैर नहीं सुरेश मास्टर सुग्रीव जय गुरुदेव लालू बघेल सत्येंद्र सिंह रवि यादव रंजीत शक लाल शक नरेंद्र सिंह अखिलेश वर्मा सुदर्शन सिंह भूपेंद्र सिंह अंकुर सिंह यादव रोबिन सिंह तमाम किसान भाई मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने छापेमारी कर वारंटी को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में वांछित व वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा ने हमराह सिपाहियों राहुल कुमार, सत्येंद्र सिंह के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुर्रा में छापेमारी कर न्यायालय में काफी समय से गैरहाजिर चल रहे ग्राम मुर्रा निवासी नीरज पुत्र भगवानदास को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया।

## एल्डर कमेटी की बैठक में लिया जाएगा निर्णय

**छिबरामऊ कन्नौज।** बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा महामंत्री चंद्रजीत यादव ने एल्डर कमेटी अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित को बार एसोसिएशन लिखित सूचना दी जिस पर कमेटी अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित ने बताया कि सोमवार को एल्डर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

## सूने पड़े घर से हजारों की नकदी व सामान चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सूने पड़े घर से चोरों ने हजारों की नकदी व सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अचनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई कालोनी निवासी अनीता पाल के पति कुलदीप पाल कैंसर से पीड़ित होने के कारण लगभग 19 दिन पूर्व कुलदीप की मौत हो गई थी। पत्नी अपनी दो बेटी मनू व तनू को साथ लेकर मकान में ताला लगाकर पति के शव का दाह संस्कार करने के लिए अपने पैतृक गॉव नगला विधि गई थी। बीते दिन जब वह अपने घर वापस लौटी, तो उन्होंने मेनगेट का ताला टूटा देखा। जब वह घर के अन्दर गयीं, तो उन्होंने कमरे सहित सेफ अलमारी व बक्से का ताला टूटा देखा। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जॉच पड़ताल की। वही अनीता ने बताया की सेफ, अलमारी व बक्से मे रखी 10 हजार रुपये की नगदी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, चार अगूठी, दो जोड़ी चाँदी की पायल, मंगल सूत्र सहित आदि सामान चोर चुरा ले गये। आये दिन चोरी की घटनाओ से लोगों की नींद उड़ी हुई है।

## बस बैक करवाते समय हेल्पर की कुचलकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बस को बैक करवाते समय हेल्पर की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला मकोड़ा निवासी अरविंद मिश्रा पुत्र मूर्ति मिश्रा उम्र 38 वर्ष करीब 1 वर्ष से विमल चतुर्वेदी की बस पर हेल्परी का काम कर रहा था। मृतक करीब एक सप्ताह पूर्व घर से वापस आया था। आईटीआई चौराहा पर शुक्रवार को चतुर्वेदी बस सर्विस की बस बैक कराते समय अचानक हेल्पर अरविंद मिश्रा उसके नीचे आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आकाश बंसल ने युवक को मृत घोषित कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचे मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी रेखा, 5 वर्षीय पुत्र शनि, 3 वर्षीय पुत्र प्रांजुल, दो माह की मासूम पुत्री है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर जोन ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शुक्रवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर जोगेन्द्र कुमार एक दिवसीय दौरे पर आये है। पुलिस लाइन पहुंचने पर उन्होंने गार्द सलामी ली। इसके पश्चात पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक के साथ समस्त क्षेत्राधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के संदर्भ में जानकारी ली और निर्देश दिये कि कोई भी अपराधी खुला न घूम पाये। शांति व्यवस्था भंग करने की किसी को छूट नहीं दी जाये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार के अलावा सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। इसके पश्चात कमालगंज नगर क्षेत्र में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्तः नाजिम खान



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पीडीए पखवाड़े के तहत शुक्रवार को ग्राम राजाईमऊ, नंदपुर व बिलनपुर और तिर्वा में इंदरगढ़ तिराहे पर पीडीए पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश पाल और समाजवादी युवजन सभा के निवर्तमान प्रदेश महासचिव नाजिम खान ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, गरीब, मजदूर परेशान है। नेताओ ने कहा की महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अन्याय से जनता का दिल दुखी है। हर तरफभ्रष्टाचार का बोलबाला है। कहा कि तिर्वा क्षेत्र में भाजपा सरकार में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। न ही कोई रोड बनाई गई और न ही गांव की गलियों का निर्माण कार्य कराया गया। कहा कि पिछले 10 साल से बीजेपी सरकार में जनता को ठगने का काम हो रहा है। इस मौके पर समीर खान, अनिल यादव, पवन अवस्थी, फैजान खान, विशाल त्रिपाठी, अरमान अली, सरवन कठेरिया, रोहित यादव समेत तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

**टेंडर ग्राम पं0 कपूरपुर**

कार्य का नाम -सी सी रोड से खलील खां के मकान तक सी सी रोड व नाली, लंबाई-60 मीटर चौड़ाई-7 मीटर, अनुमानित लागत- 4 लाख 70 हजार मात्र।

कार्य न02-मस्जिद गेट से मदरसा तक सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य, लंबाई-60 मीटर चौड़ाई-3 मीटर, अनुमानित लागत- 3 लाख 5 हजार।

**ग्राम प्रधान** — **राजमीर खान**

**सचिव** — **मनोज कुमार यादव**

# रात्रि प्रवास के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने लगायी चौपाल



**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेताओं का प्रदेश के गांवों में रात्रि प्रवास का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार की बीती रात जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने क्षेत्र के गांव पहाड़पुर में रात्रि प्रवास किया। इस दौरान वर्तमान प्रधान विवेक चौहान समेत ग्रामीणों के साथ किसानों का गन्ना भुगतान, बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं पर विचार किया। प्रवास के दौरान गांव में चौपाल लगायी गयी। इस चौपाल के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने मौजूद ग्रामीणों के सामने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यो का उल्लेख किया। वहां पर मौजूद ग्रामीणों को प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यो का जनता के बीच रखा। गांव में जिलाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत में मौजूद गांव में भी घर-घर भ्रमण कर लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण करने के लिए कहा। रात्रि प्रवास के दौरान भाजपा नेता निशान्त गुप्ता, किशनू चतुर्वेदी, आलोक राजपूत, विवेक शुक्ला, नंदराम शाक्य, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सूरजमुखी की खेती के सम्बन्ध में कार्यशाला का होगा आयोजन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- आगामी 12 फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर मे आयोजित होगी कार्यशाला व गोष्ठी
- इंडस्ट्रियल कॉरिडोर योजना औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने हेतु ठठिया, अलीपुर अहाना, भुंन्ना व चंदौली प्रस्तावित किये गए

**जिलाधिकारी शुभान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कृषि, औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने, जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, डिजिटल क्रॉप सर्वे, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 12 फरवरी को जनपद में सूरजमुखी की खेती पुनः शुरू किए जाने के संबंध में एक कार्यशाला एवं गोष्ठी का आयोजन कलेक्टेट्र परिसर किया जाएगा। जिसमें जागरुक एवं प्रगतिशील सूरजमुखी उगाने के इच्छुक कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। कार्यक्रम में बेंगलुरु से कृषि वैज्ञानिक आएंगे, साथ ही साथ चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक भी रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में मंडी विपणन मिलर व्यापारी आदि के द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। बताया कि कुछ कृषकों को सूरजमुखी का निशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में पूर्व में काफी बड़ी मात्रा में सूरजमुखी का उत्पादन होता था, जनपद में मक्का की खेती में अधिक पानी के दोहन के कारण सूरजमुखी की खेती पुनः शुरू किए जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें पानी की बचत होगी, साथ ही साथ तेल, खाद्य तेल की समस्या का भी समाधान होगा और किसानों की आय में भी बृद्धि होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा संचालित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर योजना औद्योगिक गलियारा विकसित किए जाने हेतु जनपद के चार गांव जिसमें ठठिया, अलीपुर अहाना, भुंन्ना व चंदौली प्रस्तावित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि जो ठठिया में 105.93 हेक्टेयर व अलीपुर अहाना में 144.82 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है, उसमे वास्तविक रूप से आवंटित पट्टे वाली जमीनों का वेरिफिकेशन किया जाये। ग्राम समाज भूमि का चिन्हांकन कर सूची तैयार की जाए। जांच की जाये कि 1359 के अंतर्गत जो भूमि जल प्रणाली में दर्ज है वह भूमिधर में तो नही आती है। उन्होंने कहा कि चकबन्दी के अनुसार खतौनी को क्लीन कर लिया जाए। यह सभी प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण करके प्रकाशन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 5 गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके अलावा मिश्रीपुर गांव के सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। महाबलीपुर में सर्वे तीव्र गति के साथ करके 20 दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होने निर्देश दिए कि सर्वे की प्रक्रिया गदनपुर बड्डू, ताजपुर नौकास्त, जलालपुर अमरा आदि ग्राम में सर्वे का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। कहा कि हर कार्य का टाइम फ्रेम बनाकर कार्य को समय से किया करें। उन्होने तहसीलदार को निर्देश दिये कि 206 पेंडिंग मुकदमो का निस्तारण समय से किया जाये, प्रत्येक दशा में न्यायिक व्यवस्था अच्छी होनी चाहिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

**कड़ी निगरानी** | कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जुमा की नमाज, सोशल मीडिया पर की जा रही कड़ी निगरानी

# जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहा प्रशासन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**उत्तराखंड के** हल्द्वानी में हुये बवाल के बाद प्रदेश में पुलिस अलर्ट है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को जिले की पुलिस अलर्ट मोड पर दिखी। जुमे की नमाज को लेकर जिले भर में पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्रोन कैमरों से निगरानी करवाई गई। सभी मस्जिदों के बाहर फोर्स मुस्तैद तैनात रहा। पूरे दिन पुलिस टीम अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहीं। वहीं पुलिस का खुफिया तंत्र को भी धार्मिक स्थलों की निगरानी के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस लगातार संदिग्धों व आपराधिक तत्वों की पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस टीम रेलवे व बस स्टेशन पर संदिग्धों पर नजर गड़ाए रही। सुबह से जुमे को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। सभी थाना प्रभारी को नमाज के दौरान फोर्स के साथ फील्ड पर रहने हेतु निर्देश दिए। एसपी ने स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर अधिकारियों से पल-पल की खबर ली। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। सुबह से ही पुलिस प्रशासन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मस्जिदों का जायजा लिया तथा मस्जिदों के आस-पास तथा सार्वजनिक स्थलों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। एसपी ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम करने हेतु पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। ज्यादा से ज्यादा अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था रिजर्व रखी गई है। मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा पुलिस की एक विशेष टीम सोशल मीडिया की भी निगरानी की गई। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन से भी निगरानी की गई। जिले में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज संपन्न हुई है।







### आईजी कानपुर जोन ने किया जिले का दौरा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आईजी कानपुर जोन ने शुक्रवार को जिले का दौरा किया। कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की मुस्तैदी चेक की। उन्होंने एसपी व अन्य पुलिस अफसरों के साथ पैदल मार्च कर शहर का भ्रमण किया। आईजी ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए गये है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों को ऐक्टिव रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है। पुलिस टीम लगातार अलर्ट मोड पर रहेगी।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार अमन उर्फ प्रदीप दिवाकर उम्र 19 वर्ष पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम मरथरा थाना कलान शाहजहांपुर फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नेकपुर कला में वी0के0 तिवारी के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहता था। वह आर्मी की तैयारी कर रहा था। साथ में छोटा भाई शिवा भी रहता था। मृतक अमन का एसएसबी में नम्बर आ गया था। 25 फरवरी को उसको जाना था। गुरूवार को दोपहर 1 बजे शिवा कोचिंग पढ़कर रूम पर आया, तो अमन अंगौछे से फांसी के फंदे पर झूल रहा था। शिवा ने मुकेश को सूचना दी। मुकेश ने बताया कि गांव की एक लड़की से अमन बात करता था। पिछले महीने अमन गांव में आया था। तब लड़की के चाचा ने तमंचा दिखाकर धमकाया था। आरोप है कि इसी वजह से शायद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली होगी। मृतक की मां रतना देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# हल्द्वानी घटना को लेकर पुलिस के कड़े पहरे में अदा हुई जुमे की नमाज

- ड्रोन से की गयी निगरानी, दंगा नियंत्रण टीम ने की मॉक ड्रिल
- डीएम व एसपी पीएसी के साथ नगर में किया पैदल फ्लैग मार्च

फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**जुमे की** नमाज को लेकर पुलिस ने ड्रोन कैमरे से निगरानी की तथा फ्लैगमार्च कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस मस्जिदों के बाहर तैनात रही। नमाज के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

हल्द्वानी में घटी घटना के बाद जुमे की नमाज को लेकर पुलिस एलर्ट रही। कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने नगर में ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू की। पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से अपील की कि वह शांति बनाये रखें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे उन्हें कोई दिक्कत हो। आम जन मानस मे विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन तथा नव युवकों की चेकिंग व पूछताछ की। बाजारों में स्थित प्रतिष्ठानों एवं दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्र की जनता में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाये रखने एवं किसी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की। इस दौरान उपनिरीक्षक नितिन यादव, कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, मन्डी चौकी इन्चार्ज कृष्ण कुमार कश्यप, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक शमीमुद्दीन, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबिल अभिषेक कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल सिन्धु सिंह, कांस्टेबिल रोहित कुमार, कांस्टेबिल अभिनव, कांस्टेबिल राजकुमार, कांस्टेबिल विनीत कुमार, महिला कांस्टेबिल संध्या, अंकिता, मेघा, सीमा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

वहीं फर्रुखाबाद में भी जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट रहा। डीएम वी0के0 सिंह, एसपी विकास कुमार ने पुलिस व पीएसी के साथ फ्लैग मार्च किया। संवेदनशील इलाकों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी। दंगा नियंत्रण टीम ने मॉक ड्रिल की। मस्जिदों की व मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी। हर मंदिर व मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा। लालगेट से बीबीगंज पुलिस चौकी तक जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पैदल गस्त। डीएम ने बताया अपने-अपने क्षेत्र में अधिकारी भ्रमणशील रहें और लगातार हालात पर नजर बनाए रखें। डीएम ने जनपदवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अमन चैन से रहने की अपील की। एसपी विकास कुमार ने बताया कि जनपद में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अजकता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



लालगेट पर मॉक ड्रिल करती दंगा नियंत्रण टीम

# भाई-बहन का अपहरण करने के मामले में दो को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नाबालिग भाई** बहन को स्कूल से ले जाकर अपहरण के मामले में अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश कक्ष-5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने ब्रजेश कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम अलेहपुर शमशाबाद, ब्रजमोहन पुत्र भारत सिंह निवसी ग्राम कलार कादरीगेट को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है।

बीते 31 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम नगला किता निवासी राधेश्याम पुत्र दिवारी लाल ने 18 दिसम्बर 1993 को पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा 6 वर्षीय पुत्र और 10 वर्षीय पुत्री महरूम कलर व सफेद कलर की ड्रेस पहनकर कमालगंज स्कूल गए हुए थे। रोजाना की भांति शाम तक घर वापस नहीं आये। हम परिवार के लोगों को चिन्ता हुई। उसके बाद दोनों की तलाश हेतु उनके स्कूल कमालगंज गया, तो स्कूल की अध्यापिका से पूछा तो बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति जो काला पेंट तथा सफेद शर्ट पहने हुए था। वह यह कहकर ले गया आपके भाई अशोक, ब्रजमोहन का एक्सीडेंट हो गया है, जो अस्पताल में भर्ती है। मैंने बच्चों से पूछा तो बताया कि यह मेरे चाचा के लड़के है। जो कमालगंज डिग्री कालेज में पढ़ते। वह व्यक्ति उन दोनों बच्चों को साइकिल पर बैठाकर ले गया। काफी खोजबीन के बाद कुछ पता नहीं चला। किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के कारण जान से मारने की नियत से कहीं गायब कर रखा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना उपनिरीक्षक गुलाब सिंह के द्वारा प्रारम्भ की गई। अपहरण करने वाले आरोपियों ने चिट्ठी के द्वारा फिरौती की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से बच्चों को छुड़वाया। आरोपियों के पास दो झोला, एक साइकिल, एक इंजेक्शन बरामद हुआ। पुलिस ने ब्रजेश कुमार, ब्रजमोहन, अरविंद के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय अरविंद की मृत्यु हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने ब्रजेश, ब्रजमोहन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पचास हजार पचास हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# खबरें चलते-चलते

## नौ वर्ष पूर्व हुई घटना में हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने हत्या के मामले में अनुज दीक्षित उर्फ करु पुत्र स्व0 प्रभाकर दीक्षित निवासी संकिसा थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए आजीवन करावास से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 9 वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र ग्राम संकिसा बसंतपुर निवासी तिलक सिंह पुत्र स्व देवदत्त ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा पुत्र अतिराज उर्फ गंगू ट्रक ड्राइवर है। जो कि दिनांक 6 मार्च 2015 को लगभग 7 बजे लेकर ट्रक लेकर आया। जिसे आटा चक्की के आगे खड़ा कर रहा था। उसी समय अनुज दीक्षित से कहासुनी व मारपीट हुई। जिस पर गॉव के लोगो ने बीच बचाव कर दिया। कुछ दिन बाद अनुज उर्फ करू ने मौका मिलने पर समय करीब 9 बजे जब मेरा पुत्र अतिराज व भाई बदन सिंह होली मिलकर सड़क की ओर जा रहे थे। मेरा पुत्र लगभग 10 कदम आगे चल रहा। मैं और मेरा भाई पीछे चल रहे थे। पहले से घात लगाए खड़े अनुज ने जान से मारने की नियत से तमंचा से फायर कर दिया है। गोली मेरे पुत्र के लगी। अनुज के साथ अरुण उर्फ बंटी, कुलदीप ने मेरे व मेरे भाई के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। पड़ोस के मकान में लगे बल्व की रोशनी में उन लोगो को पहचान लिया। हम लोग अतिराज को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार सिंह की पैरवी के आधार न्यायाधीश ने अनुज उर्फ करू को दोषी करार देते आजीवन कारावास व 24 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साक्ष्य के अभाव से अरुण उर्फ बंटी, चिंटू उर्फ कुलदीप को दोष मुक्त कर दिया।

## युवक ने चार लोगों को कर दिया जगह का बैनामा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम उम्मरपुर निवासिनी माधुरी देवी पत्नी महावीर एवं सीता रानी पत्नी सुभाष चंद्र ने अपने ही देवर से एक-एक डिसमिल जगह का दिनांक 19 जुलाई 2022 को बैनामा कराया था। जिस पर हम काफी समय से काबिज भी थे। हमारे देवर सामंत सिंह ने उसी जगह का दोबारा बैनामा भूपेंद्र पुत्र जगदीश एवं पंचम पुत्र जगदीश के नाम कर दिया। शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे मेरा पुत्र पुष्पेंद्र पाल जगह की तरफ गया, तब देखा वहां पर गांव के भूपेंद्र, पंचम पुत्रगण जगदीश मौजूद थे। माधुरी का देवर भी मौजूद था। उसी जगह की नाप जोख कर रहे थे। तब उसके पुत्र ने कहा मेरी जगह क्यों नाप रहे हो। इस पर उन लोगों ने जवाब दिया जगह तेरी नहीं जगह मेरी है मैंने बैनामा कराया है। उन लोगों ने देख लेने की धमकी भी दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले अध्यापिका तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश कक्ष-5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने विकास खंड नबाबगंज के प्राथमिक विद्यालय बसाईखेड़ा में तैनात अध्यापिका ममता सागर पुत्री दयाराम सागर निवासी नगलादीना को 14 फरवरी को तलब किया है। बीते वर्ष 2013 को थाना नबाबगंज क्षेत्र के ग्राम ककिउली निवासी अनिल कुमार सागर ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी ममता रानी की एक्सीडेंट के कारण मृत्यु हो गयी थी। मृतका के पिता शिवशरण लाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री ममता रानी का विवाह अनिल कुमार सागर के साथ किया था, जो कि जूनियर विद्यालय वेग में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। उसी विद्यालय में ममता सागर अध्यापिका भी तैनात थी। उन लोगों में प्रेम संबंध हो गये। इसी के तहत उन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से मेरी पुत्री की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने अनिल कुमार सागर के खिलाफ न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया और ममता सागर का नाम निकाल दिया। मुकदमा वादी व गवाहों के बयान के आधार पर शासकीय अधिवक्ता के द्वारा दिये गए प्रार्थना पत्र के आधार पर न्यायधीश राकेश कुमार सिंह धारा 319 के तहत अध्यापिका ममता सागर को 14 फरवरी को तलब किया। ममता सागर इन दिनों विकास खण्ड नबाबगंज के प्राथमिक विद्यालय बसाईखेड़ा में तैनात है।

# सिपाही की हत्या करने वाले अभियुक्त पर दोषसिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बस में** लूटपाट कर रहे बदमाशों का विरोध करने पर दो पुलिस कर्मियों को बदमाशों ने गोली मार दी थी। जिसमें एक सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई थी। 6 अप्रैल 1993 में साहूकार सिंह ने थाना नयागांव जनपद एटा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें दर्शाया था कि मैं मुकदमे के संदर्भ में एटा से पैरवी करके वापस नया गांव बस संख्या यूएमडी/9331 से आ रहा था। बस को चालक अवधेश चल रहा था। इस बस में तमाम सवारियां बैठी थी। जैसे ही नयागांव बॉर्डर पर बस पहुंची, तभी गांव के सिपाही भानूप्रताप शर्मा, रामकिशन यादव मय राइफल के बस में चढ़ गए। जो नया गांव की तरफ अंतिम बस लेकर गए थे। समय करीब 7:30 पर जैसे ही बस नगला झौंत मौजा बिछौली थाना मेरापुर के पास पहुंची। गांव से पहले ही मास्टर रामदास निवासी झौंत द्वारा रोका और उसमे बैठा लिया, तभी गाड़ी में लगभग 100-150 कदम आगे ही चल पाई थी, रामनाथ यादव पुत्र मटरु लाल के मकान के पास 5-6 आदमी खड़े थे। जिन्होंने बस को रोकने को कहा। जिस पर ड्राइवर से मास्टर रामदास ने कहा कि चलो गाड़ी मत रोको शराबी लोग हैं, तभी ड्राइवर ने गाड़ी कुछ आगे बढ़ा दी। उनमें से एक आदमी गाड़ी पर चढ़ गया और ड्राइवर को गालियां देते हुए अपने हाथ में तमंचा निकालकर धमकाया कि गाड़ी आगे बढ़ाई तो गोली मार दूंगा। ड्राइवर डर गया और उसने गाड़ी रोक दी। हाथों में तमंचा देख सिपाही ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की, तभी उसके दो साथी बदमाश तमंचा निकालकर बस में चढ़ आये और सवारियों को धमकी दी कि कोई भी अपनी जगह हिला तो गोली मार देंगे। इस दौरान सिपाहियों से मारपीट होने लगी। दोनों सिपाही पर बदमाश लिपट गए और बस के नीचे उतार ले गए। बदमाशों ने दोनों सिपाहियों के तमंचे से गोली मार दी। जिसके एक सिपाही भानूप्रताप शर्मा मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हो गया। घटना के समय बस में बैठे नगपाल पुत्र राज बहादुर सिंह, शकूरे सिंह पुत्र रुप सिंह निवासी खरसुलिया थाना नयागांव व अन्य सवारी चालक परिचालक ने पूरी घटना देखी। परिचालक के कहने पर ड्राइवर गाड़ी भाग ले गया। उसी घटना में बदमाश कुंवर पाल यादव निवासी नौली थाना मेरापुर, रामविलास यादव निवासी लोह बनिया थाना मऊदरवाजा, राधे यादव निवासी नया नगला नवाबगंज की पहचान कर ली गई। कई लोग ज्ञात नाम पते बताए गए। मुकदमे के दौरान धनीराम उर्फबरुआ, राधे पुत्र रघुवीर यादव, रामविलास पुत्र बादाम सिंह यादव की मृत्यु हो चुकी है। शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त रामऔतार को धारा 396 के आरोप में दोषी करार दिया है। वहीं धारा 412 के आरोप से दोष मुक्त कर दिया। अभियुक्त राम अवतार जमानत पर है उसके जमानत निरस्त कर पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए जिला कारागार भेज दिया गया। सजा सुनाए जाने के लिए 12 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0. 35/2024 धारा0 332/353/323/341 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त अन्नू बाल्मीकि पुत्र किशन निवासी भोपत पट्टी निवसी आईटीआई चौराहा थाना कादरी गेट को गिरफ्तार कर लिया। घटनाक्रम के अनुसार अभियुक्त द्वारा अपने टेपो को रोड पर कचहरी के सामने खड़ा कर दिया गया था। जिससे रोड पर जाम लगने के कारण ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड दिनेश कुमार द्वारा मना करने पर अभियुक्त द्वारा कार्य सरकार में बाधा उत्पन्न कर ड्यूटीरत होमगार्ड के साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में कोतवाली फतेहगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

# हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले एक युवक पर दोष सिद्ध

- सजा के बिन्दु सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तिथि नियत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले देवेंद्र उर्फ मुखिया पुत्र विजय बहादुर निवासी भरखा को दोषी करार देते हुए सजा के बिन्दु पर 14 फरवरी की तिथि नियत की है।

बीते सात वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम भरखा निवासी अमर सिंह पुत्र स्व0 राम सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 28 जनवरी 2017 को मेरा पुत्र राजन पानी की टंकी के पास गॉव के लोगों के साथ तास खेल रहा था। मेरा दूसरा पुत्र अमित भी ताश खेल रहा था। शाम होने पर अमित घर आ गया, जबकि राजन घर नहीं आया। उसकी तलाश करने पर पता चला गॉव के किनारे राजन का खेत में शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार देवेंद्र उर्फ मुखिया, पंकज के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पंकज की पात्रवाली किशोर न्यायलाय में पृथक हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार देवेंद्र उर्फ मुखिया को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। सजा के बिन्दु पर 14 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

# डीएम को निरीक्षण में शैक्षिक गुणवत्ता मिली खराब



बच्चे से गणित का सवाल हल कराते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

- बच्चे नहीं दे सके उत्तर, प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता काफी खराब मिली तथा अव्यवस्थायें भी मिलीं। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी तथा प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी वी0के0 सिंह ने संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय दुबरी विकास खंड शमशाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शौचालय बेहद गंदे पाए गए। विद्यालय परिसर में साफ -सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत निम्न पाया गया। छात्रों में बेसिक जानकारी का अभाव रहा। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से गणित के सवाल पूछे गए। इसके अलावा सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए। जिसका बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों से मध्यान भोजन व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक जानकारी की। असंतुष्ट जिलाधिकारी ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण लेने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आदेश दिये।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने में मोहम्मदाबाद कोतवाल फंसे

- नियत तिथि पर हो उपस्थित, हो सकता है सात दिन का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**न्यायालय के** आदेश की अवहेलना करने के मामले में मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी बुरे फंस गये है। अदालत ने आदेश दिया है कि नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होकर अवगत कराये कि उनके विरुद्ध दर्ज किए गए मामला धारा 349 के अंतर्गत क्यों ना उन्हें 7 दिन के साधारण कारावास से दंडित करते हुए जिला कारागार में निरुद्ध किया जाए। न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने धारा 307 के मामले में पूर्व में नियत तिथि 30 जनवरी को न्यायालय द्वारा पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद एवं थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को विस्तृत आदेश पारित करते हुए निर्देशित किया था कि वह प्रकाण के संदर्भ में अपना लिखित स्पष्टीकरण न्यायालय के समक्ष 8 फरवरी को प्रस्तुत करें।

विदित होता है कि कार्यालय द्वारा आदेश की प्रति थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को प्रेषित की गई, जबकि पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को आदेश की एक प्रति अनुपालन हेतु प्रेषित नहीं की गई जो कि कार्यालय लिपिक के कार्य आचरण के विरुद्ध है। जिसके संबंध में कार्यालय लिपिक पृथक से लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। न्यायालय ने 30 जनवरी 2024 के अनुपालन से विदित होता है कि न्यायालय द्वारा मोहम्मदाबाद थानाध्यक्ष को नोटिस निर्गत करते हुए लिखित स्पष्टीकरण आहूत किया गया था, किंतु आज तक मोहम्मदाबाद थानाध्यक्ष द्वारा कोई लिखित स्पष्टीकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। मोहम्मदाबाद थानाध्यक्ष के विरुद्ध पूर्व ने तिथि पर धारा 349 के तहत प्रकीर्ण वाद दर्ज करते हुए नोटिस निर्गत किया गया था। जिसका कोई उत्तर थानाध्यक्ष मोहम्मद द्वारा नहीं दिया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि मोहम्मदाबाद थानाध्यक्ष द्वारा इस प्रकरण के संबंध में कुछ नहीं कहना है। अदालत ने इस कृत्य के लिए थानाध्यक्ष मोहम्मदाबाद को निर्देशित किया है कि 12 फरवरी को न्यायालय के समक्ष समय 10: 30 पर उपस्थित होकर अवगत कराये कि उनके विरुद्ध धारा 349 के अंतर्गत उन्हें 7 दिन के साधारण कारावास से दंडित करते हुए जिला कारागार निरुद्ध क्यों न किया जाए।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं व संतों ने लगायी गंगा में डुबकी



गंगा स्नान करते संतगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पांचाल घाट पहुंचकर गंगा स्नान किया तथा मां गंगा की पूजा अर्चना की। इसके अलावा साधु संतों व कल्पवास कर रहे लोगों ने भी पूजा अर्चना कर गंगा स्नान किया।

मौनी अमावस्या पर दूरदराज से आकर श्रद्धालुओं व कल्पवास कर रहे साधु संतों ने हर-हर गंगे के बीच गंगा में डुबकी लगायी और पूजा अर्चना की। कई भक्तों ने कथा आदि का आयोजन कराया। बताते चलें कि इस समय पांचाल घाट पर मेला रामनगरिया चल रहा है। जिससे माहौल पूरी तरह से धार्मिक बना हुआ है। हर ओर कथा, भगवत आदि संतगण करते दिखायी दे रहे हैं। कई समाजसेवी भंडारों का भी आयोजन कर रहे हैं। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से सुख समृद्धि आती है। मौनी अमावस्या के चलते काफी भीड़भाड़ रही है। वहीं नागा साधुओ ने भी हर-हर गंगे के बीच स्नान किया तथा मेले में शोभायात्रा निकाली। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा के बीच उनका स्वागत किया गया। मेला राम नगरिया में चाय नाश्ते की व्यवस्था भी विभिन्न संतों की तरफ से अपने शिविरों में कराई गई। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया। जो चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाये रहा।

निर्देश

## अधिशासी अभियंता को कमेटी बनाकर जांच करने के दिये निर्देश

# वृहद गौशाला के निर्माण में घटिया सामग्री देख डीएम का चढ़ा पारा

- पंचायत भवन की स्थिति खराब मिलने पर बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**वृहद गौशाला के** निर्माण में घटिया ईंट देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी तथा कमेटी गठन कर जांच कराकर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिये।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ वी0के0 सिंह ने विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम दुबरी में निर्माणाधीन वृहद गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला निर्माण में उपयोग होने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाई। जिलाधिकारी ईंटों को तोड़कर देखा। निरीक्षण के दौरान पाया ईट सीमेंट व स्ट्रक्चर मानक के अनुरूप नहीं है। निरीक्षण के समय डी0बी0सी0 की क्वालिटी बेहद खराब पाई गई। जिसे मौके पर ही तुड़वाया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व एक अन्य अधिशासी अभियंता की कमेटी बनाकर जारी निर्माण की साप्ताहिक जाँच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खराब ईटें हटाने के निर्देश दिए। कार्यदाई संस्था सीएण्डडीएस को चेतावनी देकर कहा अगर कार्य खराब हुआ तो संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने हर स्टेज पर थर्ड पार्टी चेकिंग कराने के निर्देश दिये। मौके पर जूनियर इजीनियर अनुपस्थिति पाये गये। असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर जिन्हें निर्माण कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की स्थिति बेहद खराब पाई गई। पंचायत भवन के आसपास गंदगी का अंबार पाया गया। डीएम ने पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल बनवाने के निर्देश दिये। डीएम ने खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत से स्पष्टीकरण मांगने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।



मौके पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में धूमधाम से वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

▸ डा0 राहुल तिवारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



नृत्य प्रस्तुत करती छात्रायें — समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथि — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**महाराजा हरिश्चन्द्र** महाविद्यालय बढ़पुर में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के संस्थापक हरिश्चन्द्र तिवारी पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल नेहरु डिग्री कालेज छिबरामऊ व डा0 अशोक तिवारी पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक, पूर्व प्राचार्य डा0 मुकेश राठौर, प्रोफेसर विनोद कुमार तिवारी विभागाध्यक्ष वाणिज्य डीएन कालेज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। डा0 राहुल तिवारी, रोहित तिवारी, अजय पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह राजपूत, डा0 शिखा दीक्षित, डा0 मधुवाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत आदि ने सरस्वती का पूजन किया। दिव्या रायजादा ने अतिथियों को तिलक लगाया। देव नारायन मिश्रा ने बैज लगाकर सम्मानित किया। डा0 राहुल तिवारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत गीत दिव्या रायजादा, सुभ्रा अग्निहोत्री व सोनम ने प्रस्तुत किया। संचालन अभिषेक शुक्ला, सरिता श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, संदीप गुर्जर, सोनम, तनु प्रिया, अक्षत अग्निहोत्री, तनिष्का, अनुभव, नेहा आदि ने संयुक्त रुप से किया। सुदामा चरित्र का मंचन रितिक पाण्डेय, अनुराग व संदीप गुर्जर ने किया। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या, तृप्ति, अनुभव, सुभ्रा, मिनी, तनु प्रिया, सोनम, संदीप ने सिस्टम ऑफ एजेकुशन नाटक प्रस्तुत किया। अभिषेक एवं नीशू ने नृत्य प्रस्तुत किया। बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा रितिक, अनुराधा, अंकित, अर्पित, पल्लवी, पूजा, विनीता, वर्षा ने कब्बाली प्रस्तुत की। सरिता एकल डांस प्रस्तुत किया। डा0 हरिश्चन्द्र तिवारी, डा0 अशोक तिवारी, मुकेश राठौर, प्रोफेसर विनोद तिवारी द्वारा सम्बोधन किया गया। बीएड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जानवी गुप्ता प्रथम, सनी गुप्ता द्वितीय, प्रशांत शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कंचन, प्राची देवी, नबा खान, विनय कुमार वर्मा, सोनम राठौर, सौरभ सक्सेना, शरद यादव, अवंतिका दीक्षित, रजत कुमार, रजनीता राठौर ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। फनी डांस अर्पित, अक्षत, अभिषेक, अंकित, रितिक, जय, अनुराग व शिवम ने प्रस्तुत किया। फ्यूजन डांस नीशू, अक्षत, सुभ्रा, अर्पित, तनिष्का, अभिषेक, तनु प्रिया, शिवम, वंशिका, दिव्या, अनुभव, संदीप, तृप्ति, रितिक, अभिषेक ने मंचन किया। रैम्प वाक का आयोजन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### गणित में छात्रायें सूत्रों को याद करें, यह प्रमुख होते हैः पूनम शुक्ला



गणित शिक्षिका पूनम शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा के गणित विषय में हाई स्कूल में त्रिकोणमिति निर्देशांक ज्यामिति, पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन व साख्यिकी व प्रोजेक्ट कार्य संबंधित प्रश्न आते है। लघु एवं दीर्घ प्रश्नों को सही से विद्यार्थी हल करें। प्रश्न पत्र में 50+20 अंक का प्रश्न पत्र आता है। लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होते है। वास्तविक संख्या में विभाजन एल्गोरियम के तीन चरण होते है। दो चर वाले रेखिक समीकरण युग्म, समीकरणों को हल करने का मान ज्ञात करें। ग्राफीय विधि, बीजगणितीय विधि, विधियों से चर संख्या के हल प्राप्त किये जाते है। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की गणित अध्यापिका पूनम शुक्ला ने यूपी बोर्ड परीक्षा के विषय में बताया कि त्रिभुज में समानुपातिका प्रमेय थेल्स श्रंखला प्रमेयों को विद्यार्थी पढ़े। निर्देशांक ज्यामिति दो बिन्दुओं के बीच की दूरी में मध्य बिन्दु के निर्देशांक, त्रिभुज का क्षेत्रफल आदि फार्मूलों को याद करके प्रश्नों को हल करें। त्रिकोणमिति का परिचय में अनुपात, त्रिकोणमिति अनुपातों के लिए शारणी, त्रिकोणमिति के कुछ अनुप्रयोग, चित्र सही होना बेहद जरूरी है। उन्नयन कोण, अवनयनकोण के प्रश्नों में ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों को हल करें। रचनाएं में ज्यामिति रचनाएं, रेखाखण्ड को विभाजित करना, एक त्रिभुज के समरुप, दूसरे त्रिभुज की संरचना करना, वृत्तो से संबंधित क्षेत्रफल में लघुवृत्त खण्ड का क्षेत्रफल, ऋण खण्ड का क्षेत्रफल, चाप की लम्बाई व चतुर्थभुज का क्षेत्रफल से दी गई आकृति से क्षेत्र फल ज्ञात कर सकते है। पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन में ठोस, बेलन, शंकु, गोले के आयतन, पृष्ठीय क्षेत्रफल व छिन्नक के आयतन व क्षेत्रफल ज्ञात किये जाते है। साख्यिकी में समानांतर मध्य ज्ञात करने के लिए प्रत्यक्ष विधि, कल्पि मध्य विधि व पद विचलन विधि का प्रयोग करते है।

### किसान मोर्चा चलायेगा गांव चलो अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कार्यक्रमों को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। हिमांशु गुप्ता ने बताया आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व के निर्देश पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। वर्तमान में पूरे जनपद में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं सरकार के किए हुए विभिन्न ऐतिहासिक कार्यों को पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करके सरकार की उपलब्धियां वाला पत्र के देने का कार्य कर रहे हैं पूरे फरवरी माह इस अभियान को चलाया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शक्ति बंधन अभियान कार्यक्रम को भी महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने घर-घर संपर्क करके सरकार की उपलब्धियां वाले पत्रक वितरित किए। गांव में आयोजित हुई चौपाल में किसानों से वार्ता करके सरकार द्वारा किसानों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अरुण दुबे, कृष्ण मुरारी राजपूत, किशनू चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला शव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना कमालगंज के ग्राम शेखपुर रुस्तमपुर मेनरोड के निकट गालिब मियां के आम के बाग में पेड़ से 51 वर्षीय रवेंद्र कुमार का शव रस्सी से फांसी पर लटका देखा गया। अधेड़ का एक पैर जमीन से लगे होने के कारण आत्महत्या की स्थिति संदिग्ध प्रतीत हुई। सूचना मिलने पर सीओ रवींद्रनाथ राय, थानाध्यक्ष एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। घटनास्थल के निकट अधेड़ का बैग रखा था। जिसमें कपड़े, आधार कार्ड, फोटोकॉपी एवं एटीएम आदि सामान था। अधेड़ का शव फांसी से उतारकर तलाशी ली गई, तो अधेड़ के जेब में मिले मोबाइल फोन में डायल किया हुआ नंबर था। पुलिस ने डायल नंबर पर फोन किया, तो फोन मृतक के घर पर मिला। पुलिस की सूचना पर परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। रवेंद्र कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम आसफपुर पट्टी सलेमपुर निवासी विश्वनाथ का पुत्र था। सीओ रवींद्रनाथ राय ने मीडिया को बताया कि मृतक की जेब से आधार कार्ड एवं बाएं पैर के विकलांग का सर्टिफिकेट मिला है। घटना स्थल पर शराब का पैकेट गिलास एवं पानी की बोतल मिली। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा की अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाई है या लटकाया गया है।

### गैंगेस्टर के मामले में दो युवकों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज गैंगेस्टर एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एंव समाजविरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत वर्ष 2015 में कोतवाली मोहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमे के मामले शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने पिंटू उर्फ पवन कुमार, जाहरा उर्फ पंकज पुत्रगण राममूर्ति बेड़िया निवासी डूंगरपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### लोहिया में दवा लेने आयी महिला का गिरा मोबाइल, सुरक्षा गार्ड ने किया वापस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम पुरौरी निवासी मीरादेवी जाटव पत्नी स्व0 कुंवर सिंह जाटव जो कि ऑगनवाड़ी कार्यकत्री अपनी बहू काजल पत्नी कर्मवीर को उपचार के लिए सीएचसी कायमगंज मे लाई थी। जब वह कक्ष न0 7 मे बहू का उपचार करवाने के लिए पहुँची। उसी दौरान मीरा देवी का फोन कहीं गिर गया। फोन सुरक्षा गार्ड राजेंद्र सिंह को पड़ा मिला और उसने फोन हाथ मे लेकर जोर से आवाज लगाई और कहा कि यह फोन किसका है। जिसका भी हो हमे मिला है हमसे आकर ले लो, तभी मीरा देवी ने अपने फोन को तलाशा। फोन पास मे न होने पर मीरा बोली यह फोन हमारा है, तभी सुरक्षा गार्ड राजेंद्र ने फार्मासिस्ट राजीव के सहयोग से मीरा देवी के फोन को वापस लौटा दिया।

### पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाने के दरोगा नरेन्द्र सिंह बीती रात अपने हमराहियों के साथ कस्बा में गस्त कर रहे थे। जब वह सर्राफा मार्केट मे थे, तभी उन्हें जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आजाद नगर के कटी देवी मंदिर के पास अवध के कमरे मे जुंआ हो रहा है। जब मैने अपने हमराहियों सहित दबिश दी, तो पांच जुआरी गिरफ्तार किये। जिनके कब्जे से ताश की एक गड्डी और 2990 रुपये बरामद हुये। जुआरियों मे नीरज निवासी कबीर नगर, पवन निवासी राजीव नगर, रिजवान किदवई नगर, शैलेश कुमार कबीर नगर, सत्यनारायन निवासी राजीव नगर शामिल है।

# विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में 75 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रोजगार मेले में पंजीकरण कराते अभ्यार्थी

**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा रामस्वरुप आईटीआई बख्तेरापुर शमशाबाद में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। आईटीआई कौशल विकास मिशन एवं सेवा योजन के तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खण्ड स्तरीय शमशाबाद में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। भाजपा नेता जय गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों ने विचार व्यक्त किये। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने विचार व्यक्त किये। रोजगार मेले में 15 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 850 रिक्तियों के सापेक्ष 135 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 75 अभ्यार्थी रोजगार हेतु चयनित किये गये। आईटीआई पास आउट 5, नान आईटीआई 22, कौशल विकास मिशन के 45 एवं डीडीयू-जेकेवाई के 2 अभ्यार्थी चयनित हुए। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। मेले की व्यवस्था कार्यदेशक बृजेश कुमार ने देखी। इस मौके पर आशीष कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# चॉकलेट फीकी लगती है तेरी एक मुस्कान के आगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फरवरी का महीना उत्साह व उमंग से भरा होता है। 07 फरवरी से 14 फरवरी तक पीक सप्ताह के अंतर्गत लोग अपने पार्टनर एवं मित्र व सगे संबंधी को भी चॉकलेट भेंट कर इस दिवस को चॉकलेट-डे के रुप में मनाते हैं। चाहें आप किसी रिश्ते में हों या अविवाहित या सप्ताह प्यार और खुशियां फैलाने और उन लोगों की सराहना की अवसर है। आज के दिन लोग अपने मित्र, सगे संबंधी, बच्चों एवं माता पिता के साथ अपने पार्टनर को भी चॉकलेट देकर खुशी का इजहार करते हैं। युवा व युवतियां इस दिन का बेसब्री से साल भर इंतजार करती हैं और इस दिवस पर चॉकलेट देकर अपनी बात का इजहार करती हैं। साथ ही कुछ गिफ्ट देकर दूसरी की जिंदगी में मिठास लाते हुए रोमांटिक संदेश भी भेजती हैं। अगर आप भी चॉकलेट -डे के मौके पर पार्टनर को मैसेज भेजना चाहते हैं और उनकी जिंदगी में खुशियां लाना चाहते हैं तो मीठा होना चाहिए। मीठे से ज्यादा मीठा प्यार होना चाहिए। दुनिया में कुछ न हो, इतना मीठा अपना साथ होना चाहिए। एक शायर ने कहा कि चॉकलेट फीकी लगती है तेरी एक मुस्कान के आगे पूरी दुनिया छोटी लगती है एक तेरे आगोश के आगे। हम जिंदगी की भागदौड़ में इतने बिजी हो गये कि पता ही नहीं चला कि चॉकलेट-डे भी है। हर रिश्ते में विश्वास रहने दो, जुबान पर हर वक्त मिठास रहने दो, यही तो अंदाज है जिंदगी जीने का, न खुद रहो उदास न दूसरो को रहने दो उदास। चॉकलेट अपने आप में एक उपहार है। वर्तमान समय में लोग मोबाइल पर बात कर चॉकलेट डे मना लेते हैं।

# योग के प्रति प्रांत प्रभारी वंदना ने महिलाओं को किया जागरुक





योग शिविर में मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** योगऋषि स्वामी रामदेव के आवाहन पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम-ग्राम योग के प्रचार-प्रसार हेतु चल रही मुहिम के तहत पतंजलि महिला योग समिति की प्रान्त प्रभारी वंदना तीन दिवसीय प्रवास पर जनपद में पधारीं। जिनके सानिध्य में जिले के प्रमुख कस्बों में अनेक स्थानों पर योग कक्षाओं का आयोजन किया। कायमगंज तहसील ग्राम सादिकपुर, शुकुरुल्लापुर ग्राम पंचायत में योग सभा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर योग से निरोगी होने के उपाय सीखे तथा योगासनों के माध्यम से रोगमुक्त होने का संकल्प लिया। महिला योग समिति की जिला प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने बताया कि योग शिविर वैदिक क्षेत्र मेला रामनगरिया में होगा।

# आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**आर्मी पब्लिक** स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती पूजा के साथ अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सरस्वती पूजा और हवन का अनुष्ठान डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने पूर्ण वैदिक रीति से कराया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मिस ए0पी0एस0 की विजेता कक्षा 12 की अनाया तथा उपविजेता इसी कक्षा की आकांक्षा को घोषित किया गया। इसी प्रकार मास्टर ए0पी0 एस के रूप में विजेता कक्षा 12 के विजेता यश पाटिल और उपविजेता ध्रुव रहे। मिस कंजीनियल कक्षा 12 की श्रद्धा और मास्टर कंजीनियल शिवाङ्कुर रहे। सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिये कक्षा 12 की प्रतिभा और कक्षा 12 के अभय को सम्मानित किया गया। विद्यालय के अनुशासन तथा व्यवहार को देखते हुये मिस कैम्पस आइडल कक्षा 12 की एकता और मास्टर कैम्पस आइडल कक्षा12 के अंश को घोषित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवा मैडल से सम्मानित मेजर हितेश, शिक्षाविद् माण्डवी पन्त और शिक्षाविद् प्राञ्जलि ज्वैल रहीं। प्रधानाचार्या मेजर नीताशा हेब्बर ने सभी निर्णायकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं की आगामी परीक्षा के अच्छे परीक्षा परिणाम के उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनायें दी। संचालन विठ्ठल दुबे, देव्यानी, रौनक और सुमित ने किया।

# जीजीआईसी फतेहगढ़ में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

▸ छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ दी विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



फेयरवेल कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

**महीयसी महादेवी** वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समस्त छात्राओं को रोली टीका लगाकर परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया बोर्ड परीक्षा में छात्राएं तनाव ना लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने विभिन्न समस्याओं को साझा किया है। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाना है। पूर्व में समस्त तैयारी कर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देनी है। प्रवक्ता संघमित्रा भास्कर ने छात्राओं को बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दी। प्रवक्ता शिल्पी, ज्योति, शैलजा मौर्य एवं गरिमा पांडे ने गीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम आयोजक प्रवक्ता सर्वेश शाक्य, सरिता त्रिवेदी एवं मीनाक्षी भास्कर रहीं। प्रवक्ता विरमा पाल, श्यामा कश्यप, शिक्षिका आरती यादव, दीप्ति सिंह, नीलम कश्यप, मोनी चौहान, गुलशन जहां आदि उपस्थित रहे।

# यज्ञ मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता हैः चन्द्रदेव शास्त्री





**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रतिदिन की भांति यज्ञ संपन्न हुआ। उपनयन संस्कार का कार्यक्रम हुआ। जिसमें चेतराम और रामजी आदि के साथ अन्य ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार किया गया। यज्ञोपरान्त यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि यज्ञोपवीत विद्या का चिन्ह है। देवऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण से उऋण होने का संकेत यज्ञोपवीत के तीन धागे करते हैं। यज्ञोपवीत परम पवित्र है जो मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है। यज्ञोपवीत को रक्षासूत्र भी कहा जाता है जो हमारी पग-पग पर रक्षा करता है। शिखा और सूत्र ये दो हमारी पहचाने थीं, लेकिन आज पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव के कारण गले में यज्ञोपवीत और सर पर शिखा दिखाई नहीं देती। पण्डित धर्मवीर शास्त्री ने कहा कि धर्मात्मा व्यक्ति के ऊपर परमात्मा की विशेष कृपा होती है। कु0 उदिता आर्या ने प्रभुभक्ति भजनों से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। पण्डित रामवीर आर्य, हरिदेव आर्य ने भी मधुर भजन सुनकर सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। संचालन करते हुए पण्डित सन्दीप आर्य ने बताया करें योग रहें। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

# अवशेष एरियर की भुगतान की प्रधानाचार्य परिषद ने डीआईओएस से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

**प्रधानाचार्य** परिषद द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। 5 सूत्रीय ज्ञापन में मांग की गई कि प्रधानाचार्य डा0 बृजभूषण सिंह का अवशेष वेतन व प्रधानाचार्य अजय पाल सिंह रुपकिशोर इंटर कालेज का अवशेष वेतन, प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा जवाहर लाल उच्च माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज, प्रधानाचार्य रामप्रकाश भदौरिया शिवनंदन सिंह इंटर कालेज का अवशेष वेतन दिया जाये। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने पर विद्यालय का अत्याधिक धन खर्च हो रहा है। लाइनें प्रतिवर्ष क्षतिग्रस्त हो रही है। सरकार द्वारा विद्यालयों को सीसीटीवी के खर्च का भुगतान दिया जाये। बोर्ड परीक्षा के दौरान बिजली व्यवस्था सुचारु रुप से बनायी रखी जाये। गृह परीक्षा का शुल्क बढ़ाया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदेश संगठन मंत्री डा0 संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, योगेश चन्द्र तिवारी, डा0 बृजभूषण सिंह, राघवेन्द्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड शिविर में प्रगतिशील प्रशिक्षण एवं दिशा ज्ञान की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**भारत स्काउट** और गाइड बेसिक एवं एडवांस कोर्स के तृतीय शिविर की शुरुआत वीपी-सिक्स के साथ हुई। स्काउट गाइड के विभिन्न पाठ्यक्रमों को बताया गया। शिविर का प्रारम्भ मुख्यायुक्त दिनेश चन्द्र वर्मा व सचिव डा0 महेश चन्द्र राजपूत की देखरेख में शुरु हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त डा0 जितेन्द्र कुमार यादव ने शिविर का निरीक्षण एवं प्रशिक्षण पर नजर बनाये रखी। शुक्रवार को शिविर स्काउट गाइड का अलग-अलग प्रशिक्षण हुआ। प्रगतिशील प्रशिक्षण एलओसी रामपाल गिरी के द्वारा दिया गया। किस उम्र के और किस उम्र तक के छात्र स्काउट गतिविधियों में अपना योगदान दे सकते है। कृष्ण कुमार ने दिशा का ज्ञान, दिशाओं की कुल संख्या के बारे में बताया कि शिवलिंग का अर्धा हमेशा उत्तर दिशा में होता है। ध्रुव तारा आम का वौर आदि देखकर रात में ही दिशा का ज्ञान कर सकते है। वन विद्या की विस्तृत से जानकारी तथा वन में जीवन में यापन करने के बारे में विपिन मिश्रा ने बताया कि सीटी के संकेत के अनुसार कार्य करना, मोहम्मद समीम ने बताया कि पेट्रोल टोली पद्धत्ति के बारे में जानकारी दी। सुनील द्विवेदी ने गाइड शिविर को विस्तार से बताया। चमन शुक्ला ने प्रगतिशील परीक्षण की जानकारी दी और गांठ और उसके महत्व बताये। डीटीसी भारती मिश्रा ने विस्तार पूर्वक फ्लाक प्रशिक्षण के बारे में बताया। वीना गौतम ने रजत पंख का प्रशिक्षण दिया। पुष्पा सिंह ने नियम की जानकारी दी। एसटीए के समय सभी प्रतिभागी पूर्व निष्ठा के साथ परीक्षा पास कर रहे है। चमन शुक्ला, सुनील द्विवेदी, भारती मिश्रा ने प्रेरक गीतों के साथ उत्साहित किया। सायंकालीन कैम्प फायर का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल, हिमलेश कुमारी शाक्य, पुष्कर मिश्रा, राजकुमार, सुधीर कुशवाहा, पुष्पेन्द्र शर्मा, शिव कुमार, वंदना यादव, निशांत यादव, केशव गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

